E-mail. laxmanbisht909@gmail.com

पीआरजीआई से प्रदत्त पंजीयन संख्या–UAHIN/26/A1148

मासिक हिंदी

# उत्तराखंड अपडेट

❖ वर्ष : 1 ❖अंक : 7 चम्पावत ❖ गुरूवार, 6 सितम्बर 2026 ❖ मूल्य 5.00 रुपये ❖ पृष्ठ: 8

## मंच शुद्धिकरण मामले में भड़की कांग्रेस





**लोहाघाट ।** विगत दिनों हल्द्वानी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रामलीला मैदान हल्द्वानी में हुई जनसभा के बाद भाजपा के द्वारा किए गए मंच शुद्धिकरण मामले में चंपावत में भी राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष चिराग फर्त्याल के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओं ने लोहाघाट थाने पहुंचकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट व शुद्धिकरण में शामिल भाजपा नेताओं के खिलाफ तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। कांग्रेस नेताओं ने कहा अगर आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस प्रदेश में बड़ा आंदोलन करेगी। कांग्रेस जिला अध्यक्ष चिराग फर्त्याल ने कहा एक और भाजपा दलितों की हितेषी पार्टी बनती है तो वहीं दूसरी ओर जातिवाद को बढ़ावा देती है। जिसका जीता जागता उदाहरण कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जो अनुसूचित वर्ग से आते हैं हल्द्वानी में हुई उनकी जनसभा के बाद भाजपा के द्वारा मंच शुद्धिकरण किया गया यह भाजपा की दलित विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा भाजपा के द्वारा किए गए इस कृत्य को देश प्रदेश की जनता कभी माफ नहीं करेगी कहा उत्तराखंड में 2027 में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा जिस प्रकार से भाजपा ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की जनसभा के बाद रामलीला मैदान हल्द्वानी को अपवित्र होना बता कर शुद्धिकरण करने के नाम पर भाजपा ने यज्ञ व गंगाजल छिड़कर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया जो देश-विदेश में अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों को सार्वजनिक रूप से अपमानित करने का अपराध किया गया है। जो भाजपा का दलित विरोधी होने का जीता जाता सबूत है। कहा मामले में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नोएडा ने उक्त घटना से किनारा करते हुए कहा है कि अगर किसी संगठन ने वहां हवन या कोई अनुष्ठान किया है तो वह उनका निजी मामला है पार्टी का इससे कोई लेना देना नहीं। कांग्रेस नेताओं ने कहा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के द्वारा मामले को लेकर यह कहा गया कि सफाई और शुद्धिकरण किया गया है तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के उपरोक्त संविधान विरोधी एवं एससी एसटी एक्ट 1889 के उल्लंघन के अपराध को सही ठहराने से स्पष्ट होता है कि भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड के द्वारा इस तथाकथित अपमानजनक एवं निंदनीय शुद्धिकरण के कार्य में संकल्पित रही है। कांग्रेस पदाधिकारियो ने पुलिस से इस मामले में शामिल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ एचसी, एससी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है कहां भाजपा पूरी तरह से तानाशाही पर उतर आई है। कहा आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करना छोड़ भाजपा ने सत्ता की हनक दिखाते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर मुकदमा दर्ज किया है जो निंदनीय है कहा राहुल गांधी ऐसे झूठे मुकदमों से पीछे हटने वाले नहीं है। फिलहाल मामले को लेकर चंपावत जिले में राजनीति गर्मा गई है। तहरीर देने में पूर्व दर्जा राज्य मंत्री मोहन सिंह ढेक, कांग्रेस जिला प्रवक्ता शैलेंद्र राय ,हरीश राय, जीवन सिंह बिष्ट, अशीष बिष्ट, लोकेश पांडे, पवन ढेक ,अनिल कुमार, विनोद महरा सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ...नहीं चेते तो 2027 में फिर कांग्रेस की झोली में जाएगी सीट : बिष्ट



**चंपावत।** जिले की लोहाघाट विधानसभा सीट पर 2027 के चुनाव से पहले भाजपा के भीतर चल रही कथित गुटबाजी को लेकर पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राजेश बिष्ट का बड़ा बयान सामने आया हैं । भाजपा प्रवक्ता राजेश बिष्ट ने सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो में लोहाघाट विधानसभा सीट में पार्टी के भीतर एक से अधिक टिकट दावेदारों और उनके साथ चल रहे गुटों व गुटबाजी को लेकर चिंता जताई । उन्होंने बड़ा बयान देते हुए कहा कि अगर समय रहते गुटबाजी खत्म नहीं की गई तो 2027 में लोहाघाट विधानसभा सीट फिर से कांग्रेस की झोली में जा सकती है ।राजेश बिष्ट ने अपने बयान में कहा लोहाघाट विधानसभा में पिछले विधानसभा चुनाव से लेकर हालिया स्थानीय चुनावों तक भाजपा का प्रदर्शन निराशाजनक रहा पार्टी के भीतर आत्ममंथन की जरूरत बताई ।

उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को गुटबाजी के चलते हार का सामना करना पड़ा । जबकि इसके बाद जिला पंचायत चुनाव में पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया और जिला पंचायत अध्यक्ष भी निर्विरोध बना । लेकिन पाटी नगर पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में भाजपा को मिली हार ने संगठन के सामने एक अलग तस्वीर पेश कर दी । बिष्ट के मुताबिक इन घटनाक्रमों को केवल अलग-अलग चुनावों के परिणाम के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए , बल्कि पार्टी के भीतर की स्थिति पर भी गंभीरता से विचार करना चाहिए । भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने लोहाघाट में टिकट के दावेदारों को लेकर भी तीखी टिप्पणी की । उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ दावेदार ऐसे लोगों को अपने साथ लेकर घूम रहे हैं , जिनके साथ चार लोग भी नहीं जुड़े हैं , लेकिन सोशल मीडिया पर उनकी मौजूदगी किसी हीरो से कम नहीं है । बिष्ट ने सवाल उठाया कि सिर्फ सोशल मीडिया पर लोकप्रिय दिखने वाले लोग क्या वास्तव में पार्टी को चुनावी सफलता की सीढ़ी चढ़ा सकते हैं । राजेश बिष्ट के बयान का सबसे ज्यादा राजनीतिक वजन उस हिस्से में नजर आया , जहां उन्होंने वोट काटने वाले लोगों को लेकर संगठन को चेताया । उनका कहना है कि अगर भाजपा को 2027 में लोहाघाट सीट जीतनी है तो ऐसे लोगों को चिन्हित कर उन्हें किनारे करना होगा । हालांकि , ये वोट कटर कौन हैं इस सवाल का जवाब फिलहाल खुद राजेश बिष्ट ने सार्वजनिक तौर पर नहीं दिया है । यही वजह है कि उनके बयान के बाद लोहाघाट भाजपा की स्थानीय राजनीति में चर्चाओं का बाजार गर्म होना तय माना जा रहा है । बिष्ट ने साफ तौर पर आशंका जताई कि अगर भाजपा के भीतर गुटबाजी जारी रही और संगठन ने समय रहते स्थिति को नहीं संभाला तो इसका सीधा फायदा कांग्रेस को मिल सकता है । यानी 2027 की चुनावी लड़ाई अभी दूर है , लेकिन लोहाघाट भाजपा में टिकट की दौड़ और अंदरूनी समीकरणों ने चुनावी तापमान अभी से बढ़ा दिया है । राजेश बिष्ट के बयान ने भाजपा के भीतर कई सवाल खड़े कर दिए हैं । आखिर वे कौन से गुट हैं , कौन से दावेदार हैं और कौन से लोग हैं जिन्हें वे वोट कटर मान रहे हैं ? क्या पार्टी संगठन इन संकेतों को गंभीरता से लेकर कोई कार्रवाई या रणनीति तैयार करेगा ? फिलहाल इतना जरूर है कि लोहाघाट विधानसभा में 2027 का चुनावी रण शुरू होने से पहले भाजपा के भीतर की कथित गुटबाजी सार्वजनिक बहस का मुद्दा बनती दिख रही है ।अब देखना होगा कि संगठन इस आंतरिक अलार्म को कितनी गंभीरता से लेता है । तो वहीं राजेश बिष्ट अपने को 2027 विधानसभा चुनाव के प्रत्याशी के तौर पर भी पेश किया।

## मुख्यमंत्री ने बनबसा में प्रबुद्धजनों से किया संवाद, विकास कार्यों पर लिया सुझाव

### आदर्श चम्पावत' के संकल्प को साकार करने के साथ 'आदर्श उत्तराखंड'का भी संकल्प होगा सकारः मुख्यमंत्री



**बनबसा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बनबसा में शुमंगलम होटल में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम के उपरांत प्रबुद्धजनों से भेंटवार्ता एवं संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष गोविन्द सिंह सामंत सहित प्रबुद्धजनों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर बनबसा की महिला ग्राम प्रधान एवं दिव्यांग श्रीमती कमला देवी मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए आगे आना चाह रही थी उन्हे देखकर मुख्यमंत्री स्वयं अपने स्थान से उठकर उनके पास पहुंचे और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री के इस आत्मीय व्यवहार ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को भावुक कर दिया।कार्यक्रम के दौरान प्रबुद्धजन बंशीधर उपाध्याय ने मुख्यमंत्री द्वारा अपने व्यस्ततम कार्यक्रम के बीच समय निकालकर संवाद करने के लिए आभार व्यक्त किया। पूर्व सैनिक श्पुष्कर कापड़ी, पूर्व कैप्टन भानी चंद एवं अर्जुन सिंह ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चम्पावत सहित पूरा उत्तराखंड विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने खेल, पर्यटन, मंदिरों के सौंदर्यीकरण, महिला सशक्तिकरण, साइंस सेंटर, टनकपुर में रेल सुविधाओं, शारदा कॉरिडोर एवं आईएसबीटी टनकपुर जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए मा. मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी प्रबुद्धजनों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए कहा कि प्रबुद्धजन समाज के दर्पण होते हैं। उनके विचार और चिंतन समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रबुद्धजनों से मिलने वाली ऊर्जा, सुझाव और आशीर्वाद विकास कार्यों को नई गति प्रदान करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद चम्पावत को आदर्श चम्पावत बनाने का संकल्प लिया गया है और इसी दिशा में पूरे उत्तराखंड को आदर्श उत्तराखंड बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि टनकपुर में आईएसबीटी और शारदा कॉरिडोर जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्र में पर्यटन, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों के नए अवसर सृजित होंगे।उन्होंने कहा कि मां पूर्णागिरि धाम को वर्षभर तीर्थयात्रियों के लिए सुगम बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। ककराली गेट से मां पूर्णागिरि धाम तक स्थायी प्रकाश व्यवस्था के साथ ही रोपवे एवं हेलीपैड के विकास पर भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कैलाश मानसरोवर यात्रा के दृष्टिगत टनकपुर पर्यटन एवं तीर्थाटन का महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभर रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद में पार्किंग, एपीजे अब्दुल कलाम संस्थान, अत्याधुनिक साइंस सेंटर सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों को गति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देवभूमि उत्तराखंड सतत विकास, कानून-व्यवस्था, निवेश और पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर प्रगति कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चम्पावत के प्रबुद्धजनों से मिलने वाला मार्गदर्शन और आशीर्वाद सरकार को और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता और सामूहिक प्रयासों के साथ उत्तराखंड को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष गोविन्द सामंत, जिला महामंत्री मुकेश कलखुड़िया, दायित्वधारी श्याम नारायण पाण्डेय, मुकेश महराना, सुभाष बगौली, मनोज कालाकोटी, श्रीमती हेमा जोशी एवं श्रीमती किरण देवी, विधायक प्रतिनिधि चम्पावत प्रकाश तिवारी, विधायक प्रतिनिधि टनकपुर दीपक रजवार, प्रदेश मंत्री भाजपा निर्मल माहरा, वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश पाण्डेय, नोडल अधिकारी मुख्यमंत्री केदार सिंह बृजवाल सहित अन्य प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## नेपाल की त्रासदी: चेतावनी को अनसुना करना अब भारी पड़ेगा

नेपाल में ग्लेशियल झील के फटने से हुई हालिया त्रासदी को महज एक प्राकृतिक आपदा मानकर आगे बढ़ जाना दुनिया के लिए बड़ी भूल होगी। यह घटना हिमालयी क्षेत्र में तेजी से बदल रहे पर्यावरणीय संतुलन और जलवायु परिवर्तन के उस खतरे की ओर इशारा करती है, जिसकी चेतावनी वैज्ञानिक लंबे समय से देते आ रहे हैं। सवाल यह नहीं है कि ऐसी अगली घटना कब होगी, बल्कि सवाल यह है कि अगली त्रासदी के लिए दुनिया कितनी तैयार है। वर्ष 2020 में कनाडा में हुई रॉक स्लाइड और वर्ष 2023 में सिक्किम की साउथ ल्होनक झील से जुड़ी ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड की घटना इस खतरे के दो बड़े उदाहरण हैं। ये घटनाएं यह बताने के लिए पर्याप्त हैं कि पर्वतीय क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन का प्रभाव अब केवल बर्फ के पिघलने तक सीमित नहीं है। इसका असर झीलों के आकार, पहाड़ों की स्थिरता, जल प्रवाह और पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ रहा है।

जलवायु परिवर्तन की मार अब किसी एक मौसम या किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रह गई है। कहीं असामान्य रूप से तेज बारिश हो रही है तो कहीं लंबे समय तक सूखा पड़ रहा है। कहीं समुद्री तूफानों की आवृत्ति बढ़ रही है, कहीं जंगलों में भीषण आग लग रही है और कहीं ग्लेशियर तेजी से पीछे हट रहे हैं। हिमालय जैसे संवेदनशील पर्वतीय क्षेत्र में इन बदलावों का असर और अधिक गंभीर हो सकता है। इसलिए नेपाल की घटना को एक स्थानीय हादसा मानना वास्तविक खतरे को छोटा करके देखने जैसा होगा। ग्लेशियर और ग्लेशियल झील को एक ही समझना भी इस संकट की गंभीरता को समझने में बाधा बन सकता है। ग्लेशियर पहाड़ों और ध्रुवीय क्षेत्रों में जमा बर्फ का विशाल और गतिशील भंडार है। बढ़ते तापमान के कारण इसके पिघलने की गति बढ़ती है। इससे निकलने वाला पानी कई बार ग्लेशियल झीलों का आकार बढ़ाता है। जब ऐसी झील किसी प्राकृतिक या भूगर्भीय कारण से अचानक टूटती है और उसका पानी नीचे की ओर तेजी से बहता है, तो ग्लोफ जैसी विनाशकारी बाढ़ आती है। चिंता इसलिए और बढ़ जाती है क्योंकि हिमालयी क्षेत्र में ऐसी झीलों की संख्या और आकार में परिवर्तन देखने को मिल रहा है। सतलुज बेसिन इसका उदाहरण है, जहां उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 2019 में करीब 560 ग्लेशियल झीलें थीं, जबकि 2023 तक इनकी संख्या 1,048 तक पहुंच गई। यह महज आंकड़ों का बदलाव नहीं है, बल्कि भविष्य के संभावित खतरे का संकेत है।

विडंबना यह है कि खतरे की जानकारी होने के बावजूद संवेदनशील पर्वतीय क्षेत्रों में मानवीय हस्तक्षेप लगातार बढ़ रहा है। सड़कें, बांध, विद्युत परियोजनाएं, पर्यटन और दूसरी विकास परियोजनाएं जरूरी हो सकती हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या हर परियोजना के लिए प्रकृति की वहन क्षमता का ईमानदारी से आकलन किया जा रहा है? विकास की दौड़ में यदि पर्यावरणीय जोखिम को नजरअंदाज किया गया तो उसका खामियाजा अंततः समाज को ही भुगतना पड़ेगा। किसी पहाड़ी क्षेत्र में एक परियोजना से होने वाला आर्थिक लाभ तत्काल दिखाई दे सकता है, लेकिन प्राकृतिक आपदा के रूप में होने वाला नुकसान वर्षों की उपलब्धियों को कुछ घंटों में तबाह कर सकता है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि खतरे की चेतावनी नई नहीं है। वैज्ञानिक और विशेषज्ञ लंबे समय से हिमालयी क्षेत्रों में ग्लोफ के बढ़ते जोखिम को लेकर आगाह कर रहे हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने भी संवेदनशील क्षेत्रों में नए निर्माण और परियोजनाओं की स्वीकृति से पहले उनके संभावित पर्यावरणीय और आपदा संबंधी प्रभावों के व्यापक अध्ययन की आवश्यकता पर जोर दिया है। अब आवश्यकता रिपोर्ट तैयार करने से आगे बढ़ने की है। वैज्ञानिक चेतावनियों को नीति का हिस्सा बनाना होगा। किसी परियोजना की व्यवहार्यता केवल इस आधार पर तय नहीं होनी चाहिए कि उससे कितनी बिजली बनेगी, कितनी सड़क बनेगी या कितना निवेश आएगा। यह भी देखा जाना चाहिए कि वह परियोजना आने वाले दशकों में बदलती जलवायु और बढ़ते प्राकृतिक जोखिमों के बीच कितनी सुरक्षित रहेगी। संवेदनशील ग्लेशियल झीलों के आसपास निर्माण की स्पष्ट सीमा तय करनी होगी। जोखिम वाले क्षेत्रों में आबादी और महत्वपूर्ण ढांचों की पहचान करनी होगी। नई परियोजनाओं की मंजूरी से पहले संचयी पर्यावरणीय प्रभाव का अध्ययन होना चाहिए। केवल एक परियोजना का प्रभाव देखना पर्याप्त नहीं होगा; पूरे नदी बेसिन और पर्वतीय पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ने वाले संयुक्त प्रभाव को समझना होगा।

### आपदा के बाद राहत नहीं, पहले चेतावनी जरूरी

आपदा प्रबंधन की सोच में भी बदलाव जरूरी है। किसी त्रासदी के बाद राहत पहुंचाना महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण है त्रासदी से पहले लोगों को चेतावनी देना। ग्लेशियल झीलों की लगातार निगरानी के लिए उपग्रह तकनीक, रिमोट सेंसिंग, सेंसर आधारित प्रणालियों और आधुनिक पूर्व चेतावनी तंत्र का विस्तार करना होगा। खतरे की सूचना केवल राजधानी या प्रशासनिक मुख्यालय तक सीमित न रहे, बल्कि पहाड़ों में रहने वाले अंतिम व्यक्ति तक समय पर पहुंचे, इसकी व्यवस्था करनी होगी। साथ ही स्थानीय समुदायों को आपदा प्रबंधन का सक्रिय हिस्सा बनाया जाना चाहिए। जिस व्यक्ति को यह पता ही नहीं कि अचानक आने वाली बाढ़ से कैसे बचना है, उसके लिए अत्याधुनिक चेतावनी प्रणाली भी अधूरी है। स्थानीय स्तर पर नियमित प्रशिक्षण, सुरक्षित निकासी मार्ग और आपातकालीन अभ्यास अनिवार्य किए जाने चाहिए। भारत, नेपाल, चीन, पाकिस्तान, पेरू, चिली, कनाडा, अमेरिका सहित अनेक देश ग्लेशियल झीलों से पैदा होने वाले जोखिम का सामना कर रहे हैं। यह समस्या सीमाओं को नहीं मानती। किसी एक देश की पर्वतीय झील से निकलने वाला पानी नीचे की ओर दूसरे देश के इलाके तक तबाही पहुंचा सकता है। इसलिए इसका समाधान भी केवल राष्ट्रीय स्तर पर नहीं हो सकता। हिमालय और अन्य पर्वतीय क्षेत्रों के लिए क्षेत्रीय सहयोग, साझा वैज्ञानिक अध्ययन और आपदा संबंधी सूचनाओं का आदान-प्रदान जरूरी है। नेपाल की त्रासदी हमें एक कठोर संदेश देती है। प्रकृति को चुनौती देकर विकास की कोई भी अवधारणा लंबे समय तक टिकाऊ नहीं हो सकती।

# दिगालीचौड़ क्षेत्र के अभिभावकों में रोष विद्यालय के बच्चों को नहीं मिल रहा विद्यावाहिनी योजना का लाभ



**दिगालीचौड़।** लोहाघाट ब्लॉक के सीमांत विद्यालय राजकीय इंटर कॉलेज दिगालीचौड़ में अध्ययनरत दूरस्थ ग्राम सभाओं के छात्र-छात्राओं को विद्यालय तक आने-जाने में हो रही भारी परेशानी को लेकर विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षक-अभिभावक समिति, ग्राम प्रधानों एवं अभिभावकों ने गहरी चिंता व्यक्त की है। इस संबंध में विद्यालय में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर जिलाधिकारी चम्पावत से छात्र-छात्राओं के लिए तत्काल परिवहन/विद्या वाहिनी वाहन की व्यवस्था किए जाने की मांग की गई बैठक में ग्राम प्रधान बांकू हरीश कुमार, ग्राम प्रधान बिंडा तिवारी,पूजा देवी, ग्राम प्रधान चौड़ला पूजा बोहरा, विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष गोविंदी देवी शिक्षक-अभिभावक संघ के अध्यक्ष ललित कुमार भट्ट सहित 50 से अधिक ग्रामीण, अभिभावक एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की।बैठक में बताया गया कि राजकीय इंटर कॉलेज दिगालीचौड़ में दूरस्थ ग्राम सभाओं से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अध्ययन करने आते हैं। कई बच्चों को प्रतिदिन लगभग 10 से 16 किलोमीटर अथवा उससे अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। विशेष रूप से पुण्डिल, कोटसारी, कनौली, भनार आदि दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को रोज दो से ढाई घंटे तक पैदल यात्रा करनी पड़ती है। सुबह समय पर विद्यालय पहुंचने के लिए बच्चों को बहुत जल्दी घर से निकलना पड़ता है और छुट्टी के बाद घर पहुंचते-पहुंचते शाम हो जाती है।

ग्रामीणों का कहना है कि प्रतिदिन इतनी लंबी दूरी पैदल तय करने का सीधा असर बच्चों की नियमित उपस्थिति, स्वास्थ्य, पढ़ाई और शैक्षणिक प्रदर्शन पर पड़ रहा है। छोटे बच्चों एवं छात्राओं के लिए यह समस्या और भी गंभीर है।बैठक में यह भी कहा गया कि उत्तराखंड सरकार द्वारा विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में विद्या वाहिनी योजना के अंतर्गत वाहन संचालित किए जा रहे हैं। दिगालीचौड़ क्षेत्र के दूरस्थ गांवों के बच्चों को भी इस सुविधा की अत्यंत आवश्यकता है, लेकिन अभी तक उन्हें इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।समिति एवं ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि राजकीय इंटर कॉलेज दिगालीचौड़ से जुड़े दूरस्थ ग्राम सभाओं के छात्र-छात्राओं के लिए कम से कम 1-2 छोटी बसों अथवा उपयुक्त वाहनों की व्यवस्था तत्काल की जाए, ताकि बच्चे सुरक्षित एवं समय पर विद्यालय पहुंच सकें और नियमित रूप से अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। एसएमसी अध्यक्ष गोविंदी देवी एवं पीटीए अध्यक्ष ललित कुमार भट्ट ने कहा कि यह केवल परिवहन की समस्या नहीं, बल्कि क्षेत्र के बच्चों के शिक्षा के समान अवसर और उनके भविष्य से जुड़ा विषय है। उन्होंने जिलाधिकारी से मामले का संज्ञान लेकर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने की अपील की है। बैठक में उपस्थित सभी जन प्रतिनिधियों, समिति पदाधिकारियों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि यदि शीघ्र परिवहन व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराई गई तो इस संबंध में प्रशासन के समक्ष पुनः सामूहिक रूप से मांग रखी जाएगी।

# उपकेंद्र के 391 पदों और पदोन्नत वेतनमान के लिए फार्मासिस्ट संघ ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**चंपावत।** डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तरखंड ने स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत फार्मासिस्टों की लंबे समय से लंबित जायज मांगों के लिए शांतिपूर्ण आंदोलन का ऐलान किया है।

संगठन ने 31 अगस्त तक महासंघ, विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखने और 01 सितंबर से काला फीता बांधकर प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। संगठन ने एमएसीपी पर पदोन्नति के पद का वेतनमान देने, उपकेंद्रों में फार्मासिस्ट के 391 स्थगित पदों को क्रियाशील करने, राज्य में फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन 2015 का अनुपालन कराए जाने, उड़ीसा और असम राज्य की भांति चिकित्सक की अनुपस्थिति में कार्य करने के आदेश जारी करने और चारधाम यात्रा के देयकों के भुगतान की मांग उठाई है। संगठन का कहना है कि सभी विभागों का पुनर्गठन होता है और पद बढ़ते हैं, लेकिन फार्मासिस्ट संवर्ग का ऐसा पुनर्गठन किया गया जिसमें 1562 पदों के कैडर को घटाकर 963 पर ला पटक दिया गया और 391 स्वास्थ्य उपकेंद्र के पदों को स्थगित कर समाप्त किया जा रहा है। उन 391 पदों की विभाग जरूरत बता चुका है और कार्मिक



विभाग की उन पदों को यथावत रखने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर चुका है, उसके बाद भी उन पदों को क्रियाशील नहीं होने दिया जा रहा है, जो कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र की जनता के हितों के खिलाफ है, जहां बिना फार्मासिस्ट के दवाइयों का कार्य करवाया जा रहा है वहां जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ होने की पूरी संभावना है। संगठन ने उपकेंद्रों में फार्मासिस्ट के 391 पदों को क्रियाशील करने की मांग की है। साथ ही संगठन ने कहा कि फार्मेसी अधिकारी के लिए पदोन्नति के अवसर बहुत कम हैं, अधिकांश फार्मेसी अधिकारियों को 34-35 वर्ष एक ही आरंभिक पद पर सेवा देकर सेवानिवृत्त होने को मजबूर होना पड़ता है। ऐसे संवर्गों में जहां पदोन्नति के अवसर कम होते हैं उन कार्मिको के लिए पूर्व में एसीपी पर पदोन्नति के पद का वेतनमान देने की व्यवस्था थी लेकिन फरवरी 2017 में उस व्यवस्था को समाप्त किए जाने से कार्मिकों को भारी वित्तीय हानि हो रही है। संगठन ने 10, 16 और 26 वर्ष पर पदोन्नत पद का वेतनमान देने की मांग की है। इसके अलावा संगठन ने राज्य में फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन 2015 को लागू करने, उड़ीसा और असम की भांति चिकित्सक की अनुपस्थिति और चिकित्सक विहीन चिकित्सा इकाइयों में कार्य करने हेतु व्यापक अधिकार देने तथा चारधाम यात्रा ड्यूटी के यात्रा देयकों का भुगतान करने और यात्रा ड्यूटी के दौरान रहने खाने की उचित व्यवस्था करने की मांग की है। 01 सितंबर से शुरू हो रहे आंदोलनात्मक कार्यक्रम से पूर्व संगठन की चंपावत जिला कार्यकारिणी द्वारा मुख्यमंत्री कार्यालय चम्पावत और मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि प्रकाश चन्द्र तिवारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन देने वालों मेंप्रदेश महामंत्री डॉ सतीश चंद्र पाण्डेय, जिला अध्यक्ष विष्णु गिरी गोस्वामी, जिला मंत्री रोशन लाल विश्वकर्मा, संप्रेक्षक तान सिंह सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

# बरेली से लोहाघाट आ रही रोडवेज बस चंपावत बस स्टेशन में खराब

**चंपावत।** उत्तराखंड परिवहन निगम के लोहाघाट डिपो की बसों का बीच रास्ते मे खराब होने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। आज एक बार फिर से बरेली से लोहाघाट की ओर आ रही रोडवेज बस तकनीकी खामी आने से चंपावत बस स्टेशन में खड़ी हो गई जिस कारण यात्रियों को बारिश में काफी दिक्कतें उठानी पड़ी। चालक नवीन चंद्र जोशी के मुताबिक रोडवेज बस मे करंट आने से खराबी सामने आई है। बस में तेरा सवारियां थीं जिन्हें दूसरी बस से लोहाघाट की ओर भेजा गया। फिलहाल बस चंपावत बस स्टेशन खड़ी है। तीन दिन पूर्व भी यही बस लोहाघाट से बरेली जाते समय मात्र 5 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद तकनीकी खामी आने से मानेश्वर में खड़ी हो गई थी। बस में सवार 26 यात्रियों को दूसरी बस के जरिए गंतव्य की ओर भेजा गया था। बसो के लगातार बीच सड़क में खराब होने से यात्रियों में गहरी नाराजगी है। यात्रियों ने कहा आए दिन परिवहन निगम की बसे बीच रास्ते मे खराब हो रही है जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ता है। यात्रियों ने कहा पुरानी खटारा बसों को परिवहन निगम यात्रियों की जान से खिलवाड़ करता हुआ सड़कों में दौड़ा रहा।

## प्रिंस को एशियाई कराटे चैंपियनशिप के लिए एनएचपीसी के महाप्रबंधक प्रभारी ऋषि रंजन आर्य ने दी शुभकामनाएं



**बनबसा।** मिनी स्टेडियम बनबसा के कराटे प्रशिक्षक विजय रावत ने बताया की एनएचपीसी, टनकपुर पावर स्टेशन (बनबसा) के महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख ऋषि रंजन आर्य ने बनबसा निवासी उभरते कराटे खिलाड़ी प्रिंस खोलिया को जॉर्डन में आयोजित होने वाली एशियाई कराटे चैंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं प्रिंस खोलिया 4 सितम्बर 2026 को जॉर्डन के लिए रवाना होंगे, जहां वह भारतीय कराटे टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए एशियाई चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे। ऋषि रंजन आर्य ने प्रिंस खोलिया की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करना खिलाड़ी, उसके परिवार तथा पूरे क्षेत्र के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। उन्होंने प्रिंस के उज्ज्वल भविष्य और प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन की कामना की इस अवसर पर आर्य ने प्रिंस खोलिया के प्रशिक्षक कोच विजय रावत को भी बधाई देते हुए कहा कि किसी खिलाड़ी की सफलता के पीछे प्रशिक्षक की मेहनत, समर्पण और उचित मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।प्रिंस खोलिया की इस उपलब्धि से बनबसा, जनपद चम्पावत एवं पूरे उत्तराखंड में खेल प्रेमियों के बीच उत्साह का माहौल है। प्रिंस खोलिया की इस उपलब्धि पर जिला क्रीड़ा अधिकारी चम्पावत चंदन बिष्ट, युवा कल्याण अधिकारी जसवंत सिंह कठायत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवी, एनएचपीसी महाप्रबंधक विद्युत जावेद अंसारी, दीपक रजवार स्पोर्ट्स स्टेडियम टनकपुर प्रभारी गौरव खोलिया, प्रदीप कुमार दुबे, नरेश मुरारी, कमलेश भट्ट आदि खेल प्रेमियों एवं कराटे परिवार ने उन्हें जॉर्डन में होने वाली एशियाई कराटे चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## छंदा रेगडू में बारिश से खेत खलिहानों को भारी नुकसान

**चंपावत।** जिले के बाराकोट क्षेत्र के तल्ली छंदा रेगरू गांव में बिगत दिनों हुई भारी बारिश के कारण भारी नुकसान हुआ है। पूरा गांव आपदा से बाल-बाल बचा है।गांव की मुख्य सड़क को भी काफी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों ने बताया सड़क टूटने से बरसात का पानी गांव में घुस आया। जिससे किसानों के धान के खेत और फसलें पूरी तरह से तबाह हो गई हैं जिस कारण किसानों को काफी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द नुकसान का आकलन लेकर मदद की गुहार है लगाई है।

## 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत

**चंपावत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चंपावत के वरिष्ठ सहायक समीर चौधरी ने जानकारी देते हुए सूचित किया कि दिनांक 12 सितम्बर, 2026 (द्वितीय शनिवार) को समय प्रात: 10ः00 बजे से माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चम्पावत अनुज कुमार संगल की अध्यक्षता एवं सिविल जज (वरिष्ठ खण्ड)/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चम्पावत भवदीप रावते के दिशा-निर्देशन में जनपद चम्पावत के मुख्यालय तथा बाह्य न्यायालय, टनकपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत में जनपद चम्पावत के न्यायालयों में लंबित लघु आपराधिक मामले, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, भरण-पोषण वाद, बैंक वसूली वाद, हिन्दू विवाह अधिनियम वाद, एम0ए0सी0टी0 वाद, डी0वी0एक्ट, विद्युत वाद, पानी बिल एवं 138 एन0आई0एक्ट वाद आदि से संबंधित मुकदमों का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया जाएगा।सचिव/सिविल जज (वरिष्ठ खण्ड), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चम्पावत भवदीप रावते के द्वारा जनपद चम्पावत के समस्त वादकारियों से अनुरोध किया गया है कि वे दिनांक 12 सितम्बर, 2026 (द्वितीय शनिवार) को आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने मुकदमों का निस्तारण करवाकर इसका अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## कांडा में लंपी स्किन डिजीज के विरुद्ध चला सघन अभियान



**चंपावत।** जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देशों के अनुपालन में पशुपालन विभाग द्वारा पशुधन सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संवर्धन की दिशा में निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरवार को राजकीय सचल पशु चिकित्सालय चंपावत की टीम द्वारा ग्राम कांडा में एक विशेष पशु चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर के दौरान क्षेत्र के गोवंशीय पशुओं को लंपी स्किन डिजीज जैसे गंभीर संक्रामक रोग से सुरक्षित रखने के लिए सघन टीकाकरण अभियान चलाया गया। शिविर की गतिविधियों के संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. वसुंधरा गर्ब्याल ने बताया कि वर्षा ऋतु एवं बदलते मौसम में पशुओं में संक्रामक बीमारियों के प्रसार की संभावना बनी रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में द्वार-पर-द्वार पहुँच बनाकर टीकाकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविर में गोवंशीय पशुओं का एलएसडी टीकाकरण करने के साथ-साथ नस्ल सुधार की दिशा में कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा भी प्रदान की गई।

इसके अतिरिक्त विभिन्न रोगों से ग्रस्त पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर पशुपालकों को निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया।मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं को संक्रामक रोगों से बचाने के लिए विभाग द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण अभियानों में बढ़-चढ़कर सहयोग करें और किसी भी प्रकार के लक्षण दिखने पर तत्काल निकटतम पशु चिकित्सा केंद्र को सूचित करें। इस शिविर के कुशल संचालन में पशु चिकित्सा अधिकारी, सचल पशु चिकित्सा फार्मेसी अधिकारी तथा वाहन चालक सहित विभागीय टीम की सक्रिय उपस्थिति रही।

## भाषण प्रतियोगिता में गुरुकुलम के आदित्य का शानदार प्रदर्शन

**चम्पावत ।** यहां आयोजित जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में हिमालय बचाओ देश बचाओ विषय पर गुरुकुलम अकैडमी लोहाघाट के कक्षा 10 के प्रतिभाशाली छात्र आदित्य पुनेठा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, लेकिन आदित्य ने अपने प्रभावशाली वक्तव्य, आत्मविश्वास और शानदार प्रस्तुति के दम पर सभी को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। जनपद चम्पावत में प्रथम आने पर आदित्य पुनेठा को इसी माह देहरादून में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के द्वारा भी सम्मानित किया जाएगा।

विद्यालय परिवार ने आदित्य को उनकी इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

# कालीगूंठ-पूर्णागिरि क्षेत्र के धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के सौंदर्यीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

## मुख्यमंत्री की घोषणा से क्षेत्र के विकास एवं पर्यटन को मिलेगी नई गति

**चंपावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की विकासपरक सोच एवं घोषणा के अनुरूप जनपद चम्पावत के चम्पावत विधानसभा क्षेत्र के कालीगूंठ‌पूर्णागिरि क्षेत्र के विभिन्न धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के सौंदर्यीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 258/2026 के तहत प्रस्तावित इन कार्यों से क्षेत्र के धार्मिक स्थलों को बेहतर एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान करने के साथ ही श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए सुविधाओं को सुदृढ़ करने का प्रयास किया जा रहा है। कालीगूंठ-पूर्णागिरि क्षेत्र धार्मिक आस्था के साथ-साथ प्राकृतिक सौंदर्य एवं पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक यहां पहुंचते हैं। ऐसे में क्षेत्र के प्रमुख स्थलों का सुव्यवस्थित विकास एवं सौंदर्यीकरण होने से यहां आने वाले लोगों को बेहतर वातावरण एवं सुविधाएं उपलब्ध होने के साथ ही क्षेत्र के पर्यटन आकर्षण में भी वृद्धि होगी। प्रस्तावित सौंदर्यीकरण कार्यों के लिए 66.74 लाख रूपये (छियासठ लाख चौहत्तर हजार रुपये) का औचित्यपूर्ण आकलन जनपद स्तर पर किया गया है। मुख्यमंत्री घोषणा के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक प्रक्रिया के तहत प्रकरण धनराशि की स्वीकृति एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु उच्च स्तर पर प्रस्तुत किया गया है। इस पहल से कालीगूंठ-पूर्णागिरि क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय पर्यटन गतिविधियों को भी नई गति मिलने की उम्मीद है। क्षेत्र में पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने से स्थानीय स्तर पर रोजगार, स्वरोजगार एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चम्पावत जनपद में धार्मिक, प्राकृतिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों को विकसित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कालीगूंठ-पूर्णागिरि क्षेत्र का सौंदर्यीकरण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो क्षेत्र को श्रद्धा, प्रकृति और पर्यटन के आकर्षक संगम के रूप में और अधिक विकसित करने में सहायक होगा। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि कालीगूंठ-पूर्णागिरि क्षेत्र के सौंदर्यीकरण की पहल से क्षेत्र में पर्यटन सुविधाओं के विस्तार को नई दिशा मिलेगी।उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कार्यों के माध्यम से क्षेत्र को अधिक सुंदर, व्यवस्थित एवं पर्यटक अनुकूल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के साथ ही स्थानीय लोगों को भी पर्यटन गतिविधियों का लाभ मिल सकेगा।

## लोहाघाट को सड़क विकास की बड़ी सौगात, चिल्कोट मोटर मार्ग के सुधारीकरण को 2.06 करोड़ रुपये की मिली स्वीकृति

**लोहाघाट।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के क्रम में जनपद चम्पावत के लोहाघाट विधानसभा क्षेत्र को सड़क विकास की महत्वपूर्ण सौगात मिली है। शहीद शिरोमणि चिल्कोट मोटर मार्ग(गौड़ी-किमतोली मोटर मार्ग) के किमी 12.150 से 14.850 तक सुधारीकरण कार्य के लिए उत्तराखण्ड शासन द्वारा ?2.06 करोड़ की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें से 10 हजार की धनराशि जिलाधिकारी के निवर्तन में रखी गई है स्वीकृत धनराशि से लगभग 2.70 किमी मोटर मार्ग का सुधारीकरण किया जाएगा। मार्ग के सुधारीकरण से क्षेत्र के ग्रामीणों एवं स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र की सड़क कनेक्टिविटी और अधिक बेहतर एवं सुगम होगी। इससे दैनिक आवागमन के साथ ही क्षेत्र की आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों को भी गति मिलने की उम्मीद है। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्वीकृत कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण एवं सुधारीकरण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता न हो तथा शासन द्वारा निर्धारित सभी प्रक्रियाओं का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जनपद में सड़क, यातायात एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। चिल्कोटी मोटर मार्ग के सुधारीकरण की स्वीकृति इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे लोहाघाट क्षेत्र के लोगों को बेहतर सड़क सुविधा का लाभ मिलेगा

# लोहाघाट विकास संघर्ष समिति की मांग लोहाघाट में खुले श्रम कार्यालय



**लोहाघाट।** विकास संघर्ष समिति ने श्रम विभाग के कार्यालय की शाखा लोहाघाट नगर में खोलने की मांग की है। मांग को लेकर लोहाघाट विकास संघर्ष समिति ने समिति अध्यक्ष विपिन गोरखा के नेतृत्व में एसडीएम लोहाघाट के माध्यम से जिलाधिकारी चंपावत को ज्ञापन प्रेषित किया। समिति अध्यक्ष विपिन गोरखा व समिति पदाधिकारियो ने कहा श्रम विभाग का एकमात्र कार्यालय चंपावत जिला मुख्यालय में होने के कारण श्रम कार्ड बनाने में लोहाघाट विधानसभा क्षेत्र की जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है विशेष कर मातृशक्ति को। उन्होंने कहा काफी दूर-दूर से बड़ी तादात में जनता श्रम कार्ड बनाने चंपावत पहुंचती है जिसमें उनका काफी समय व धन लगता है। पर उसके बावजूद भी जरूरी नहीं की उसी दिन उनके श्रम कार्ड बन जाए। अध्यक्ष विपिन गोरखा ने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा लोहाघाट क्षेत्र की जनता की समस्या को देखते हुए लोहाघाट नगर में श्रम विभाग के कार्यालय की शाखा को लोहाघाट नगर में खोला जाए तथा हफ्ते में दो दिन श्रम विभाग का कैंप लगाया जाए। ताकि लोहाघाट विधानसभा क्षेत्र की जनता को श्रम कार्ड बनाने में आसानी हो। ज्ञापन देने में लोकेश पांडे, कमल किशोर, दीपक शाह आदि मौजूद रहे।

## जिला योजना समिति के सदस्यों के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची की समय-सारिणी जारी

**चंपावत।** जिला योजना समिति के सदस्यों के निर्वाचन को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु निर्वाचक नामावली (मतदाता सूची) तैयार किए जाने के संबंध में आधिकारिक समय-सारिणी जारी कर दी गई है। राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड की अधिसूचना दिनांक 02 सितम्बर 2026 के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर (जिला योजना समिति) श्री मनीष कुमार द्वारा जिला पंचायत तथा नगर निकायों के निर्वाचित सदस्यों की मतदाता सूची के प्रकाशन हेतु विस्तृत कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।जारी अधिसूचना के अनुसार, निर्वाचक नामावलियों के आलेख्य का प्रकाशन 08 सितम्बर 2026 को किया जाएगा। इसके पश्चात संबंधित निर्वाचित सदस्य एवं हितधारक 10 सितम्बर 2026 तक नामावली का निरीक्षण कर सकते हैं तथा अपनी दावा एवं आपत्तियां दाखिल कर सकते हैं।

## नदियाँ क्यों गुस्से में हैं ?

(एक चिट्ठी- प्रकृति का मनुष्य के नाम )

नदी ने पूछा पर्वत से
क्यों छीन रहे हो राह मेरी?
सदियों से मैं बहती आई,
क्यों बदल रही है धार मेरी?
मैं जीवन की निर्मल धारा,
धरती की पहचान हूँ,
खेतों की हरियाली में
मैं ही तो छिपी मुस्कान हूँ।
जलचक्र का एक सूत्र हूँ मैं,
मेरे जल वाष्पीकरण से बादल बनते,
वर्षण बनकर धरती पर आती,
फिर सागर में जाकर मिल जाती।
मेरे जल से तुमने अन्न उगाया,
प्यासे कंठों को नीर दिया,
जलविद्युत की शक्ति बनाकर
तुमने अपना घर रोशन किया।
पर विकास की अंधी दौड़ में,
तुमने मुझको भूल दिया,
तटबंधों और बाँधों से
मेरा स्वाभाविक पथ छीन लिया।
कंक्रीट के बढ़ते जंगल ने
मेरी धारा रोक दी,
अतिक्रमण और प्रदूषण ने
मेरी जीवन-शक्ति सोख ली।
जब वर्षा का तीव्र प्रवाह
मेरी सीमा लाँघ गया,
तुमने बाढ़ कहा उसे,
पर दोष किसका था—सोचो ज़रा!
बाढ़ कोई केवल आपदा नहीं,
प्रकृति का संकेत भी है,
नदी के बाढ़-मैदानों पर
बसना स्वयं संकट भी है।
प्लास्टिक, रसायन, औद्योगिक अपशिष्ट—
क्यों घोल रहे हो जल में?
घुलित ऑक्सीजन घटती जाती,
मृत्यु उतरती है कल में।
जैव-विविधता रोती,
मछलियाँ मौन हुई जातीं,
जलीय पारितंत्र की साँसें
धीरे-धीरे रुकती जातीं।
हिमालय की चुप्पी सुन लो,
हिमनदों का दर्द पढ़ो,
बढ़ते तापमान की चेतावनी
वैज्ञानिक संकेतों में गढ़ो।
जलवायु परिवर्तन की आँधी
ऋतु-चक्र बदल रही है,
कहीं अतिवृष्टि, कहीं अनावृष्टि—
संतुलन की डोर मचल रही है।
मैं क्रोध नहीं—चेतावनी हूँ,
मैं केवल जल नहीं—जीवन हूँ।
मेरी धारा को समझोगे तो,
भविष्य का संरक्षण,संवर्धन हूं।
विकास करो, पर विवेक सहित,
प्रकृति से मत युद्ध करो;
सतत विकास का पथ अपनाकर
धरती का श्रृंगार करो।
वर्षाजल का संचयन करना,
जलस्रोतों का मान करो,
नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को
जीवित रखने का काम करो।
तटों पर फिर वन उगाओ,
अपशिष्ट का उपचार करो,
जल को केवल संसाधन नहीं—
साझी विरासत स्वीकार करो।
मैं बहूँगी तो खेत हँसेंगे,
वन में फिर जीवन होगा;
मुझे बचाओगे तो निश्चित ही
मानव का कल सुरक्षित होगा।
याद रखो—मैं नदी नहीं केवल,
धरती की धड़कन हूँ;
मुझमें आज बचा जो जल है,
वही में तुम्हारा कल हूँ।
इसलिए मेरी पुकार सुनो—
अब मुझसे मत छेड़ो भूगोल;
प्रकृति के संतुलन में ही
मानव-सभ्यता का है अनमोल मोल।
मैं जीवन हूँ, मुझे बहने दो,
मेरी लय को मत तोड़ो;
प्रकृति के साथ कदम मिलाकर
अपना सुंदर कल मुझसे जोड़ो।
नदियाँ क्रुद्ध नहीं होतीं प्रेम,
बस अपना उत्तर देती हैं;
मनुष्य की हर भूल का
प्रकृति से हिसाब लेती हैं।

**प्रेम प्रकाश उपाध्याय नेचुरल उत्तराखंड**

# लोहाघाट विधायक के द्वारा महिला अधिकारी व अनुसूचित जाति के अधिकारी के साथ की गई अभद्रता शर्मनाक: बगौली

**लोहाघाट।** कांग्रेसी विधायक खुशाल सिंह अधिकारी के द्वारा सीडीओ कार्यालय चंपावत में जिले के कुछ अधिकारियों पर कमीशन खोरी व भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए धरना दिया गया था। इस दौरान विधायक अधिकारी की एपीडी विम्मी जोशी तथा डीपीआरओ महेश कुमार तथा पीडी अजय सिंह के साथ जोरदार बहस हुई। अब मामले को लेकर चंपावत जिले की राजनीति गरमा गई है तथा मामला चर्चाओं में बना हुआ है। तो वही आज मामले को लेकर दर्जा राज्य मंत्री सुभाष बगौली व भाजपा प्रदेश मंत्री निर्मल माहरा ने पलट वार करते हुए कहा जिस प्रकार से लोहाघाट के कांग्रेसी विधायक खुशाल सिंह अधिकारी के द्वारा महिला अधिकारी तथा अनुसूचित जाति के अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार किया गया है वह शर्मनाक है। भाजपा नेताओं ने कहा एक और कांग्रेस महिला व दलित हितेषी होने का दावा करती है तो वहीं दूसरे और उनके विधायक महिला अधिकारी तथा अनुसूचित जाति के अधिकारी का अपमान




करते हैं। उन्होंने कहा अगर विधायक अधिकारी के पास कमीशन खोरी के कोई सबूत थे तो वह उसे उचित मंच में रखते जिसकी निष्पक्ष जांच की जाती। भाजपा नेताओं ने कहा जिस प्रकार से विधायक के द्वारा विकास भवन में अपने कार्यकर्ताओं के साथ अराजकता का माहौल पैदा किया गया उसकी वह घोर निंदा करते हैं। भाजपा नेताओं ने कहा आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के द्वारा चंपावत विधानसभा के साथ-साथ लोहाघाट विधानसभा का भी भरपूर विकास किया जा रहा है जो लोहाघाट विधायक को रास नहीं आ रहा है। वह मुख्यमंत्री की लोकप्रियता से बौखला कर अराजकता का माहौल पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा खुद विधायक खुशाल सिंह अधिकारी साढे चार साल तक लोहाघाट विधानसभा से गायब रहे अब चुनाव का समय आ रहा है तो वह जनहितेशी होने का दिखावा कर रहे हैं। उन्हें 2027 चुनाव में अब हार का डर सता रहा है। भाजपा नेताओं ने कहा जिस प्रकार से लोहाघाट विधायक ने जिले के अधिकारियों के साथ बर्ताव किया है वह उसकी निंदा करते हैं। उन्होंने कहा जिलाधिकारी चंपावत मनीष कुमार के नेतृत्व में जिले के सभी अधिकारी ईमानदारी के साथ जन सेवा में लगे हुए हैं। कहा अगर भविष्य में लोहाघाट विधायक इस प्रकार की अधिकारियों के साथ हरकतें करते हैं तो भाजपा इसका करारा जवाब देगी। फिलहाल मामले को लेकर चंपावत की राजनीति एक बार फिर से गरमा गई है। इस दौरान बाराकोट मंडल अध्यक्ष राकेश बोरा, पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, जीवन गहतोड़ी, सभासद बलराज पाटनी आदि मौजूद रहे।

# बर्दाखान बिसराडी आली सड़क के डामरीकरण की स्वीकृति



**बाराकोट।** विकासखंड के बर्दाखान बिसराडी आली सड़क के डामरीकरण की स्वीकृति और प्रशासनिक स्वीकृति मिलने पर बिसराडी में लोगों ने विधायक प्रतिनिधि नन्दा बल्लभ बगौली के नेतृत्व में मिठाई बांटकर खुशी जताई और लोहाघाट विधायक खुशाल सिंह अधिकारी को धन्यवाद दिया। लोगों ने कहा कि बाराकोट विकासखंड के समीपस्थ गांव बिसराडी के लोग पिछले 21 साल से इस सड़क के डामरीकरण की मांग विभिन्न माध्यम से कर रहे थे। आखिकार विधायक के प्रयास से सड़क की डामरीकरण की स्वीकृति हुई। जिसके लिए उन्होंने विधायक खुशाल सिंह अधिकारी का धन्यवाद दिया। इस मौके पर इस मौके पर पुष्कर सिंह चौधरी, बहादुर राम, देवेंद्र सिंह चौधरी, कल्याण सिंह, मनोहर नाथ, दीपक गिरी, शंकर नाथ, महेंद्र नाथ, पूरन नाथ, रघुवर दत्त, नारायण नाथ, निर्मल राम, पपेंद्र प्रसाद, प्रहलाद सिंह, सुरेश सिंह, मुकेश सिंह, कृष्णा सिंह, अंकित नाथ, सचिन नाथ, अजय गिरी, मोहित कुमार, पुष्कर सिंह प्रकाश सिंह, राजेंद्र प्रसाद, आदि मौजूद रहे।

# क्षेत्र पंचायत पाटी की बीडीसी बैठक 16 सितंबर को, विभिन्न विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर होगी विस्तृत चर्चा

**पाटी।** क्षेत्र पंचायत (बीडीसी) की बैठक आगामी 16 सितंबर 2026 को प्रातः 11:00 बजे से क्षेत्र पंचायत पाटी के सभागार में आयोजित की जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए खंड विकास अधिकारी पाटी मोनिका पाल ने बताया कि बीडीसी की इस बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख शंकर सिंह अधिकारी करेंगे। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि विकासखंड क्षेत्र के विकास, विभिन्न विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा के उद्देश्य से बुलाई गई इस बीडीसी बैठक में समस्त सम्मानित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य है।बैठक के दौरान क्षेत्र की जनसमस्याओं और विकास योजनाओं पर प्रमुखता से चर्चा की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बैठक में केवल निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी सदस्य), ग्राम प्रधान एवं जिला पंचायत सदस्य ही स्वयं उपस्थित होकर प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने सभी संबंधित सदस्यों से समय पर उपस्थित होकर बीडीसी बैठक को सफल बनाने की अपील की गई है।

# शहीद शिरोमणि चिल्कोटी चिल्ड्रेन पार्क में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व

**चम्पावत।** आदर्श वार्ड छतार की सभासद् श्रीमती प्रेमा चिल्कोटी जी के निर्देशन में वार्ड नंबर-1 छतार स्थित शहीद स्व. शिरोमणि चिल्कोटी चिल्ड्रेन पार्क में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। पिछले पांच वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहा यह कार्यक्रम अब छतार वार्ड की एक सुंदर धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा का रूप ले चुका है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती प्रेमा पाण्डेय अध्यक्ष नगर पालिका परिषद चम्पावत, उपस्थित रहीं। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा सभी नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं।जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में छतार वार्ड की मातृशक्ति एवं नन्हे-मुन्ने कलाकारों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। बच्चों एवं महिलाओं द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनकी बाल लीलाओं तथा भारतीय संस्कृति पर आधारित विभिन्न मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। गरबा, एकल नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।नन्हे कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों और मातृशक्ति के उत्साह ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण पैदा किया। जैसे ही बच्चों ने मंच पर अपनी प्रस्तुतियां दीं, पूरा पार्क तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण भक्तिमय, आनंदमय एवं उत्साहपूर्ण हो गया।





कार्यक्रम का विशिष्ट एवं प्रभावशाली संचालन श्रीमती कविता पाण्डेय गुरुकुल अकादमी, द्वारा किया गया। उनके सुंदर संचालन ने पूरे कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती प्रेमा पाण्डेय ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज को अपनी जड़ों और संस्कारों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ऐसे कार्यक्रमों में बच्चों एवं महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे हमारी आने वाली पीढ़ियां अपनी संस्कृति, परंपराओं एवं सनातन मूल्यों से परिचित होती हैं। उन्होंने छतार वार्ड में लगातार पांच वर्षों से जन्माष्टमी का आयोजन किए जाने की सराहना करते हुए आयोजकों को शुभकामनाएं दीं।सभासद श्रीमती प्रेमा चिल्कोटी ने कहा कि छतार वार्ड को आदर्श वार्ड बनाने के साथ-साथ यहां धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों को निरंतर बढ़ावा देना उनका प्रयास है। उन्होंने कहा कि जन्माष्टमी जैसे आयोजन केवल धार्मिक पर्व नहीं हैं, बल्कि समाज को एक सूत्र में जोड़ने, बच्चों की प्रतिभाओं को मंच देने तथा मातृशक्ति की सहभागिता सुनिश्चित करने का भी अवसर प्रदान करते हैं।उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी वरिष्ठ नागरिकों, मातृशक्ति, बच्चों, कलाकारों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में समिति के पूर्व अध्यक्ष देवकीनंदन उप्रेती , संरक्षक लोकमणि पंत , महेश चन्द्र जोशी , जी.बी. जोशी, यशोधर भट्ट सहित क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ नागरिकों, प्रबुद्धजनों, गणमान्य नागरिकों, मातृशक्ति एवं बच्चों की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया और आयोजन की सराहना की। विशेष रूप से बच्चों एवं महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।शहीद स्व. श्री शिरोमणि चिल्कोटी की स्मृति में स्थापित चिल्ड्रेन पार्क में आयोजित यह जन्माष्टमी समारोह श्रद्धा, संस्कृति, सामाजिक सहभागिता और सामुदायिक एकता का सुंदर संगम बनकर सामने आया।पांच वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहा यह कार्यक्रम आने वाली पीढ़ियों को हमारी गौरवशाली संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

# टनकपुर में आकार ले रहा आधुनिक अन्तर्राज्यीय बस स्टेशन, चम्पावत की कनेक्टिविटी को मिलेगी नई रफ्तार

**टनकपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में जनपद चम्पावत में यातायात एवं कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में उत्तराखण्ड परिवहन निगम, टनकपुर के कार्यशाला परिसर में लगभग 237.74 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक अन्तर्राज्यीय बस स्टेशन का निर्माण कार्य गतिमान है। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त यह बस स्टेशन टनकपुर को बेहतर परिवहन कनेक्टिविटी प्रदान करने के साथ ही यात्रियों के आवागमन को अधिक सुगम, व्यवस्थित और सुविधाजनक बनाएगा। इसका लाभ चम्पावत सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों, विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों और व्यापारियों को मिलेगा।टनकपुर जनपद का प्रमुख प्रवेश द्वार होने के कारण आधुनिक बस स्टेशन से मां पूर्णागिरि धाम सहित जिले के धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों तक पहुंच आसान होगी। बेहतर कनेक्टिविटी से पर्यटकों और श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ने के साथ होटल, होम-स्टे, स्थानीय बाजार, टैक्सी एवं अन्य पर्यटन आधारित गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।बस स्टेशन के निर्माण से टनकपुर क्षेत्र में व्यापारिक एवं आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलने के साथ रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। यह परियोजना चम्पावत को बेहतर कनेक्टिविटी से जोड़ने के साथ पर्यटन, व्यापार और समग्र विकास के लिए मजबूत आधार तैयार करेगी।

# रा0 उच्च0प्रा0 विद्यालय फरतोला के चार होनहारों का मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना में चयन

**चंपावत।** जिले के बाराकोट ब्लॉक के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय फरतोला के 04 मेधावी छात्र-छात्राओं का चयन राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तराखंड द्वारा कक्षा 06 के लिए आयोजित मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृति परीक्षा 2026 के लिए हुवा है। जिसमे कु0फाल्गुनी पुनेठा, कक्षा 6 दिव्यांशी अधिकारी कक्षा 06, कु0 सिमरन बिष्ट कक्षा 06, नितिन कुमार कक्षा 06 द्वारा मेरिट सूची में अपना स्थान बनाया है। विद्यालय से 04 बच्चों का चयन होने पर विद्यालय परिवार एवम खंड शिक्षा अधिकारी कमल भट्ट, जिला पंचायत सदस्य फरतोला योगेश जोशी, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सीमा आर्या, लड़िधुरा शैक्षिक समिति के अध्यक्ष नागेंद्र जोशी, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश अधिकारी , विद्यालय प्रबंन्धन समिति की अध्यक्ष श्रीमती ललिता देवी प्रधानाद्यापिका श्रीमती कविता वर्मा, रमेश चंद्र जोशी, सुरेंद्र सिंह बोहरा, त्रिभुवन पंत तथा अभिभावकों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त कर चयनित छात्रों एवम विद्यालय स्टाफ को बधाई दी गई।



# जनपद के अंतिम छोर तक पहुंचा प्रशासन डीएम ने स्कूल से लेकर सड़कों और पेयजल योजनाओं का लिया जायजा

**चंपावत।** जनपद के दूरस्थ एवं सीमांत क्षेत्रों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने और जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार द्वारा सीमांत ग्राम सल्ली का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने गांव में संचालित विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा स्थानीय ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सल्ली में अवस्थापना सुविधाओं स्तर का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय परिसर की व्यवस्थाओं में सुधार हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी ने बताया कि दुर्गम क्षेत्रों के विद्यार्थियों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विद्या वाहिनी कार्यक्रम के अंतर्गत बस सेवा का सफल संचालन प्रारंभ कर दिया गया है, जिससे छात्र-छात्राओं को आवाजाही में बड़ी राहत मिल रही है।



उन्होंने बताया कि इसके साथ ही क्षेत्रवासियों की मांग को देखते हुए विद्यालय के उच्चीकरण हेतु प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा रही है। स्थलीय भ्रमण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं व आवश्यकताओं के संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपे गए। इन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने गांव में सुरक्षा घेराबंदी (घेरवाड़) के निर्माण तथा नई पेयजल कनेक्टिविटी से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के लिए संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, विगत दिनों हुई मानसूनी वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुई ग्रामीण सड़कों की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रभावित मार्गों का तत्काल सुधारीकरण व मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर शुरू किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीमांत क्षेत्रों में जनसुविधाओं को बहाल करना मा मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग चंपावत हितेश कांडपाल, अधिशासी अभियंता प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना बीरेंद्र सिंह, खंड विकास अधिकारी चंपावत अशोक अधिकारी, संबंधित क्षेत्र के पटवारी, प्रधान प्रतिनिधि सल्ली पूरन सिंह रावत, पूर्व प्रधान सहित ग्रामीण व अन्य संबंधित कार्मिक उपस्थित रहे।

# एपीडी से दुर्व्यवहार के मामले में भड़की समूह की महिलाएं



- लोहाघाट विधायक से माफी मांगने की मांग
- लोहाघाट विधायक पर कार्यवाही की मांग को लेकर डीएम को ज्ञापन
- कार्रवाई न होने पर विधायक के खिलाफ आंदोलन की दी चेतावनी, गहराया विवाद

**चंपावत।** लोहाघाट विधायक खुशाल सिंह अधिकारी के द्वारा बीते दिनों चंपावत जिले की एपीडी विम्मी जोशी के साथ किए गए दुर्व्यवहार पर महिला समूह की महिलाएं भड़क गई। 200 से अधिक महिलाएं कलेक्ट्रेट पहुंची तथा जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर लोहाघाट विधायक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

समूह की महिलाओं ने कहा जिस प्रकार से लोहाघाट विधायक खुशाल सिंह अधिकारी के द्वारा महिला अधिकारी एपीडी विम्मी जोशी के साथ दुर्व्यवहार व अपमान किया गया तथा झूठे आरोप लगाए गए वह निंदनीय है। आक्रोशित महिलाओं ने कहा लोहाघाट विधायक एपीडी विम्मी जोशी के साथ किए गए दुर्व्यवहार पर सार्वजनिक तौर पर माफी मांगे। महिलाओ ने कहा एपीडी विम्मी जोशी जिले की एक ईमानदार अधिकारी है जिनके निर्देश पर आज जिले के महिला समूह कई कार्य कर रहे हैं। एपीडी विम्मी जोशी के नेतृत्व में आज समूह की महिलाएं कई रोजगार परक कार्य कर रही है जिससे महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। महिलाओं ने कहा पर जिस प्रकार से लोहाघाट विधायक के द्वारा महिला अधिकारी विम्मी जोशी के साथ अभद्र व्यवहार व उनका अपमान किया गया है वह समस्त मातृ शक्ति का अपमान है।

महिलाओ ने कहा अगर लोहाघाट विधायक सार्वजनिक तौर पर एपीडी विम्मी जोशी से माफी नहीं मांगते हैं तो जिले के घाट से लेकर जगबूढ़ा तक समस्त महिलाएं लोहाघाट विधायक के खिलाफ मोर्चा खोल देंगी। मामले में जिलाधिकारी ने महिलाओं को कार्रवाई की मांग का आश्वासन दिया है। फिलहाल अब यह मामला पूरी तरह से गर्मा चुका है। कई और संगठनों के द्वारा विधायक लोहाघाट के द्वारा अधिकारियों के साथ किए गए व्यवहार पर नाराजगी जताते हुए कार्यवाही की मांग की है।

## ग्राम पंचायत विकास अधिकारी संगठन ने दिया डीएम को ज्ञापन

**लोहाघाट।** विधायक खुशाल सिंह अधिकारी के द्वारा बीते दिनों पंचायतीराज विभाग के कर्मचारियों पर 15 प्रतिशत कमीशन खोरी के गंभीर आरोप लगाए गए थे। जिस जिले का माहौल गर्मा गया था। आरोपों को ग्राम पंचायत विकास अधिकारी संगठन ने निराधार बताते हुए संगठन ने जिला अध्यक्ष शिवांशु वर्मा के नेतृत्व जिलाधिकारी मनीष कुमार से मुलाकात कर विधायक के द्वारा लगाए गए आरोपो को निराधार बताया तथा मामले को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सोपा। संगठन ने जापान के माध्यम से जिलाधिकारी को बताया कि ग्राम पंचायत निधि से होने वाले कार्यों का भुगतान चेक के जरिए नहीं, बल्कि डीबीटी के माध्यम से सीधे श्रमिकों और संबंधित संस्थाओं के खातों में किया जाता है। संगठन ने डीपीआरओ के साथ हुई अभद्रता पर भी गहरी नाराजगी जताई और कहा कि ऐसे आरोपों से विभाग व कर्मचारियों की छवि खराब हो रही है।

## जिलाधिकारी पाटी ब्लॉक के सभी कार्यों की जांच कराए: फर्त्याल

**लोहाघाट ।** कांग्रेसी विधायक खुशाल सिंह अधिकारी के द्वारा जिले के कुछ अधिकारियों पर कमीशन खोरी के आरोप लगाने का मामला अब पूरी तरह से गरमा गया है। लोहाघाट विधायक के गंभीर आरोपों के बाद भाजपा नेताओं के द्वारा पलटवार किया गया है। भाजपा नेताओं ने लोहाघाट विधायक पर महिला व अनुसूचित जाति के अधिकारी के साथ अभद्रता करने के आरोप लगा दिए हैं। तो वही मामले में आज लोहाघाट के पूर्व भाजपा विधायक पूरन सिंह फर्त्याल ने भी अपना बयान जारी कर दिया है। मीडिया को दिए गए बयान में पूर्व विधायक फर्त्याल ने कहा लोहाघाट विधायक खुशाल सिंह अधिकारी के द्वारा पाटी ब्लॉक में जो भ्रष्टाचार व कमीशन खोरी के आरोप जिले के अधिकारियों पर लगाए हैं वह उन्हें साबित करें ।अगर लोहाघाट विधायक आरोपो को साबित करते हैं तो वह उनके पक्ष में है। पूर्व विधायक फर्त्याल ने कहा लोहाघाट विधायक के द्वारा जो महिला अधिकारी के साथ बर्ताव किया गया व निंदनीय है। उन्होंने कहा एक और कांग्रेस पार्टी महिला को दलित हितेषी होने का दावा करती है। दूसरी ओर कांग्रेस विधायक महिला अधिकारी के साथ अभद्रता करते हैं यह कांग्रेस का दोहरा चरित्र है। पूर्व विधायक फर्त्याल ने कहा जिलाधिकारी चंपावत स्वत संज्ञान लेते हुए पाटी ब्लॉक के सभी कार्यों की निष्पक्ष जांच करवाए। उन्होंने कहा अगर लोहाघाट विधायक के पास भ्रष्टाचार के सबूत है तो वह उन्हें सामने लाए अन्यथा ऐसे किसी पर आप ना लगाए। पूर्व विधायक ने कहा धामी सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रही है फिलहाल मामला पूरी तरह गर्मा चुका है।



# बदहाल हालत में शहीद श्याम सिंह बिष्ट मोटर मार्ग कीचड़ में फंस रहे हैं वाहन पैदल चलना हुआ दूभर

### सड़क में डामरीकरण कार्य न होने पर विधानसभा चुनाव बहिष्कार की दी चेतावनी

**चंपावत।** जिले के बाराकोट ब्लॉक की शहीद श्याम सिंह बिष्ट के नाम पर बनी सड़क बरसों से बदहाल हालत में बनी हुई। क्षेत्रवासी लंबे समय से शहीद श्याम सिंह बिष्ट मोटर मार्ग में डामरीकरण सुधारीकरण की मांग कर रहे है शासन प्रशासन के द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गिया। लोक निर्माण विभाग लोहाघाट के द्वारा गड्ढे भरने के नाम पर मिट्टी भर दी गई जो अब जनता व वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन गई। सड़क में हुई बेहताशा कीचड़ में बुरी तरह वहां फंस रहे और वाहनों के फिसल कर दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना बनी हुई। आम लोगों का पैदल चलना तक कीचड़ की वजह से मुश्किल हो रहा है। पूर्व ग्राम प्रधान चामी प्रकाश महर ने बताया कई बार लोक निर्माण विभाग व प्रशासनिक अधिकारियों को



सड़क में डामरीकरण की मांग की गई पर किसी के द्वारा कोई सुध नहीं ली गई विभाग के द्वारा गड्ढे भरने के नाम पर मिट्टी भरकर लीपा पोती कर दी जाती है। उन्होंने बताया बरसाती सीजन में अब कीचड़ ने लोगों के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है। उन्होंने कहा एक और सरकार शहीदों के सम्मान की बात करती है शहीद स्मारक के लिए शहीदों के घर से मिट्टी लेकर शहीद स्मारक निर्माण में ले जाए जाती है। पर शहीद के नाम से बनी सड़क का कोई संज्ञान नहीं लिया जाता उन्होंने कहा यह शहीद और शहीद परिवार का अपमान है। सिर्फ शहीद के नाम से बोर्ड लगाने से कुछ नहीं होता है।

उन्होंने कहा प्रशासन ने जन समस्या को देखते हुए सड़क में सुधारी करण कार्य करना चाहिए। ताकि क्षेत्र की जनता को राहत मिल सके। उन्होंने कहा इस सड़क से कई ग्राम सभा है जुड़ी है। पूर्व प्रधान प्रकाश महर व क्षेत्र वासियों ने प्रशासन से सड़क में सुधारीकरण का कार्य करने की मांग की है। उन्होंने कहा जनता की आवाज सुनने को कोई तैयार नहीं है। गड्ढों में मिट्टी भरकर कार्य चलाया जा रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा अगर सड़क में सुधारीकरण कार्य नहीं किया गया तो क्षेत्रवासी 2027 चुनाव का बहिष्कार करने को मजबूर होंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

## सीडीओ चंपावत जीएस खाती का पौड़ी स्थानांतरण

**चंपावत।** सीडीओ चंपावत डॉक्टर जीएस खाती का शासन के द्वारा पौड़ी स्थानांतरण कर दिया गया है। इसके आदेश आज शनिवार को जारी किए गए हैं। जारी आदेश के मुताबिक जनहित में सीडीओ चंपावत डॉक्टर जीएस खाती को आयुक्तालय ग्राम विकास विभाग उत्तराखंड पौड़ी में संबद्ध किया गया है। तो वही लोग इस स्थानांतरण को विधायक विवाद से जोड़कर भी देख रहे हैं।



## उत्तराखंड में 1 दिसंबर से शुरू होगी जनसंख्या गणना

**चम्पावत।** जनगणना-2027 को लेकर केंद्र सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार उत्तराखंड के हिमाच्छादित क्षेत्रों को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में जनसंख्या गणना का कार्य 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक चलेगा। इसके बाद 5 से 9 जनवरी 2027 तक पुनरीक्षण दौर आयोजित किया जाएगा। जनगणना प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए नागरिकों को स्व-गणना (सेल्फ-एन्यूमरेशन) की सुविधा भी दी जाएगी। इसके तहत घर-घर जाकर गणना शुरू होने से पहले 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक नागरिक स्वयं अपनी जनगणना संबंधी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। अधिसूचना के अनुसार उत्तराखंड के गैर-हिमाच्छादित क्षेत्रों के साथ ही गोवा, उत्तर प्रदेश और पंजाब में भी इसी अवधि में जनसंख्या गणना की जाएगी।

## कोली ढेक सुई डूंगरी सड़क मे इतने गड्ढे कि गिने ना जाए

**लोहाघाट।** चंपावत जिले के लोहाघाट की कोली ढेक सुई डूंगरी सड़क पूरी तरह गड्ढा युक्त हो चुकी है। सड़क में इतने बड़े-बड़े गड्ढे पड़ चुके हैं कि उन्हें गिना तक नहीं जा सकता है। सड़क में कुछ वर्षों पूर्व ही हुआ डामरीकरण कार्य पूरी तरह उखड़ चुका है। इसके बाद लोक निर्माण विभाग लोहाघाट के द्वारा गड्ढों में इंटरलॉकिंग टाइल लगाई गई थी वह भी अब पूरी तरह उखड़ चुकी है। ग्रामीणों ने बताया उनके द्वारा कई बार लोक निर्माण विभाग लोहाघाट से जानलेवा गढ़ों को भरने की मांग की गई थी पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। ग्रामीणों ने बताया सड़क के उद्गम स्थल से लेकर अंतिम छोर तक पूरी सड़क गड्ढों से पट चुकी है। जिस कारण सड़क में बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है तथा क्षेत्र के ग्रामीणों को आवाजाही करने में काफी दिक्कतों का सामना इसमें करना पड़ रहा है तथा वाहनों में भी कही टूट हो रही है।

# जन्माष्टमी के मेले पर भारी भीड़ अव्यवस्थाओं व बारिश के बीच हुआ मेला, ग्राउंड की खली कमी



**लोहाघाट ।** नगर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विशाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में क्षेत्र के हजारों लोग शामिल हुए। मेले से पूर्व रिश्वेश्वर महादेव मंदिर लोहाघाट में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की तादात में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया तथा सात दिन से चली आ रही श्रीमद् भागवत कथा का भंडारे के साथ समापन किया गया। सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ रही। दोपहर बाद शुरू हुए मेले में हजारों की तादात में लोग पहुंचे । जिस कारण मेले में भारी अवस्थाएं हुई मेले में आई महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा भारी भीड़ की वजह से महिलाओं को मनचलों की हरकतों से काफी दिक्कतें हुई। पुलिस को व्यवस्था बनाए रखने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। तो वहीं लोगों ने कहा पिछले वर्ष तक मेले को मेला स्थल पर लगाया जाता था पर इस बार पालिका ने विकास के नाम पर पार्क निर्माण कार्य शुरू कर दिया है जिस कारण मेले को सड़क में लगाना पड़ा। लोगों ने पालिका की कार्य प्रणाली व मानसिकता पर सवाल उठाए हैं। लोगों ने कहा नगर के एकमात्र बरसों पुराने मेला स्थल( खाल)को भी पालिका ने पार्क के नाम पर समाप्त कर दिया है। जिसका खामियाजा आज मेले में हुई अव्यवस्था के तौर पर देखने में सामने आया। जन्माष्टमी के मेले मे दूर-दूर क्षेत्र से आए सैकड़ो व्यापारियों ने अपनी दुकानें लगाई हुई थी। जहां लोगों के द्वारा भारी अव्यवस्था व भीड़ के बीच खरीदारी की गई। हालांकि बीच-बीच में हुई मूसलाधार बारिश से मेले में काफी व्यवधान उत्पन्न हुआ। दोपहर बाद नगर के एकता चौक से व्यापारियों के द्वारा भव्य राधा कृष्ण की आकर्षक झांकी निकाली गई। जिसमें हजारों की तादात में लोग शामिल हुए। झांकी में शामिल लोग हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की, आया आया माखन चोर आया भजन गाते हुए नाचते व झूमते हुए चल रहे थे। तो वहीं मेले में शांति व सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना अध्यक्ष अशोक कुमार के नेतृत्व में जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया था तथा पुलिस के द्वारा आज वन वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू की गई थी मां चलो की हरकतों पर पुलिस के द्वारा विशेष नजरे रखी जा रही थी। पर मेला स्थल ना होने की वजह से आज मेले में आए लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोगों ने पालिका की कार्य प्रणाली पर गहरी नाराजगी जताई है। तो दूर-दूर क्षेत्र से आए व्यापारियों ने कहा पिछले वर्ष तक मेला स्थल में दुकानें लगने से उन्हें काफी सुविधा होती थी तथा मेला स्थल में लोगों की भीड़ होने के कारण सड़क में अव्यवस्था का माहौल नहीं रहता था व्यापारियों ने कहा इस बार मेले में जगह की कमी काफी खली कई व्यापारी जगह न मिलने से वापस लौटे। तो वहीं लोगों के द्वारा मेले का भरपूर आनंद उठाया गया। भंडारे में गोविंद सिंह बोहरा ,प्रहलाद सिंह मेहता, रमेश बिष्ट, भैरव दत्त राय, सचिन जोशी, सुनील चौबे, दीपक सुतेड़ी सहित क्षेत्र की मातृशक्ति व युवाओं के द्वारा सहयोग किया गया।

# लगातार बारिश के बीच स्वाला में यातायात सुचारू, सुरक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट

## जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में संवेदनशील क्षेत्रों की लगातार की जा रही है मॉनिटरिंग

### स्वाला में उपचारात्मक कार्यों से बढ़ी स्थिरता,आवश्यकता अनुसार नियंत्रित किया जा रहा यातायातःअधिशासी अभियंता



**चम्पावत।** जनपद में लगातार हो रही बारिश के बीच टनकपुर-चम्पावत-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग पूरी तरह अलर्ट हैं। जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार के निर्देशन में संवेदनशील स्थलों की लगातार निगरानी की जा रही है तथा सड़क पर मलबा आने की स्थिति में तत्काल मशीनरी के माध्यम से उसे हटाकर यातायात को सुचारू किया जा रहा है।

अधिशासी अभियंता, एनएच विभोर गुप्ता ने जानकारी देते हुये बताया कि स्वाला क्षेत्र में किए गए उपचारात्मक कार्यों से स्थिति में अत्यधिक सुधार आया है बारिश के बावजूद मार्ग पूर्णतः सुचारु है । उन्होंने कहा हालांकि बारिश के दौरान यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संवेदनशील स्थानों पर परिस्थितियों के अनुसार कुछ समय के लिए यातायात को नियंत्रित किया जाता है और स्थिति सामान्य होने पर वाहनों को सुरक्षित तरीके से आगे बढ़ाया जाता है। यह व्यवस्था यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही हाईवे पर यातायात को निरंतर बनाए रखने में सहायक साबित हो रही है। अधिशासी अभियंता, राष्ट्रीय राजमार्ग विभोर गुप्ता ने बताया कि स्वाला क्षेत्र में विभागीय टीम लगातार निगरानी कर रही है। हाल में स्वाला सुगम जोन के आसपास भूस्खलन की स्थिति सामने आई थी, लेकिन उपचारित हिस्से पर इसका प्रभाव नहीं पड़ा है। भूस्खलन उपचारित हिस्से से अलग स्थान पर हुआ है तथा आवश्यकतानुसार मलबा हटाने और सड़क को सुरक्षित बनाए रखने की कार्रवाई निरन्तर की जा रही है।जिला प्रशासन ने आमजन एवं यात्रियों से अपील की है कि मानसून के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में सावधानी बरतें और यात्रा से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए केवल प्रशासन एवं संबंधित विभागों द्वारा जारी सत्यापित सूचनाओं पर ही भरोसा करें। सोशल मीडिया पर प्रसारित अप्रमाणित सूचनाओं एवं वीडियो को बिना सत्यापन आगे साझा न करें।

जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों की प्राथमिकता यात्रियों की सुरक्षा के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात को सुचारू बनाए रखना है। लगातार बारिश के बावजूद विभागीय मशीनरी एवं कार्मिक संवेदनशील क्षेत्रों में सक्रिय रहकर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

# लम्पी स्किन डिजीज के रोकथाम हेतु चम्पावत में पशु परिवहन और आवागमन पर 25 सितम्बर तक पूर्ण प्रतिबंध

**चंपावत।** राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में मवेशियों में फैल रहे संक्रामक रोग लम्पी स्किन डिजीज के प्रभावी रोकथाम एवं नियंत्रण के दृष्टिगत जिलाधिकारी मनीष कुमार द्वारा जनपद चम्पावत की सीमाओं के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश निर्गत किए गए हैं। पशुपालन अनुभाग-1, उत्तराखण्ड शासन द्वारा एनिमल एक्ट धारा-6 के तहत जारी अधिसूचना के क्रम में यह जनहितकारी कदम उठाया गया है।जारी आदेशानुसार जनपद चम्पावत के समस्त क्षेत्रों में आगामी 25 सितम्बर 2026 तक सभी गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं के अंतरराज्यीय तथा अंतरजनपदीय परिवहन, आवागमन, प्रदर्शनियों एवं उन्हें एकत्र करने से जुड़ी समस्त गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों व पुलिस प्रशासन को आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं, साथ ही आम जनमानस एवं पशुपालकों से संक्रामक रोग के फैलाव को रोकने हेतु शासन-प्रशासन का पूर्ण सहयोग करने की अपील की है।

# चम्पावत में नेत्रदान पखवाड़े के तहत जागरुकता कार्यक्रम हुये आयोजित



**चंपावत।** नेत्रदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नेत्रदान पखवाड़े के तहत जिला अस्पताल चम्पावत, उपजिला अस्पताल लोहाघाट तथा उपजिला अस्पताल टनकपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को नेत्रदान के महत्व, प्रक्रिया एवं इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश चौहान ने कहा कि नेत्रदान महादान है। मृत्यु के बाद किया गया नेत्रदान किसी दृष्टिबाधित व्यक्ति के जीवन में रोशनी लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि नेत्रदान को लेकर समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर कर अधिक से अधिक लोगों को इसके लिए प्रेरित किया जाना आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने लोगों को नेत्रदान की प्रक्रिया एवं इसके महत्व की जानकारी देते हुए समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की। बताया गया कि नेत्रदान पखवाड़े का उद्देश्य लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित करना तथा दृष्टिबाधित लोगों के जीवन में नई उम्मीद जगाना है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने नेत्रदान के महत्व को समझते हुए इसके प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

# 257 करोड़ की लागत से बन रहे गर्ल्स स्पोर्ट्स कॉलेज का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण



**लोहाघाट।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में जनपद में संचालित महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग के क्रम में जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बुधवार को छमानिया स्थित निर्माणाधीन गर्ल्स स्पोर्ट्स कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों एवं अभियंताओं से परियोजना के विभिन्न कार्यों की जानकारी लेते हुए गुणवत्ता के साथ कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। लगभग 257 करोड़ रुपये की लागत से विकसित की जा रही इस महत्वाकांक्षी परियोजना के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने हॉस्टल ब्लॉक, टाइप-2 एवं टाइप-3 आवासीय ब्लॉक, वॉलीबॉल एवं फुटबॉल ग्राउंड, मल्टीपर्पज हॉल सहित विभिन्न खेल सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों तथा आगामी कार्ययोजना की विस्तार से समीक्षा की।जिलाधिकारी ने कहा कि परियोजना के प्रत्येक कार्य में निर्धारित गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में आवश्यक समन्वय बनाए रखते हुए कार्यों को चरणबद्ध एवं समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि गर्ल्स स्पोर्ट्स कॉलेज प्रदेश की बालिका खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा। यहां विकसित होने वाली आधुनिक खेल सुविधाओं और प्रशिक्षण संसाधनों से बालिकाओं को अपनी प्रतिभा को निखारने तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी लोहाघाट श्रीमती नीतू डांगर, प्रोजेक्ट मैनेजर केशव महाराज सिंह सहित कार्यदायी संस्था के अधिकारी, अभियंता एवं संबंधित कार्मिक उपस्थित रहे।

# पाटी का युवक हल्द्वानी में गिरफ्तार सेना की फर्जी वर्दी में इंस्टाग्राम पर खुद को बता रहा था सेना का मेजर

## फॉलोवर बढ़ाने व युवतियों को प्रभावित करने के लिए कर डाला कांड

### फौजी वर्दी, सेना की फर्जी आईडी और एआई से बनी फोटो, इंस्टाग्राम पर पर खुद को 'पैरा स्पेशल फोर्स का मेजर बताने वाले युवक का एसओजी नैनीताल ने किया पर्दाफाश



**चंपावत/ हल्द्वानी।** फौजी वर्दी, सेना की फर्जी आईडी और एआई से बनी फोटो और सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम पर खुद को सेना के'पैरा स्पेशल फोर्स का मेजर बताने वाला युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

नैनीताल एसओजी ने आरोपी युवक को हल्द्वानी से गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक चंपावत जिले के पाटी क्षेत्र का रहने वाला है।आरोपित के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।1 सितंबर को मिलिट्री इंटेलिजेंस ने एसओजी कार्यालय हल्द्वानी में सूचना दी कि रोहित सिंह मेहता नामक व्यक्ति इंस्टाग्राम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर स्वयं को भारतीय सेना की पैरा स्पेशल फोर्स का मेजर बताकर भारतीय सेना के अधिकारी की वर्दी में विभिन्न फोटो एवं फर्जी पहचान पत्र प्रदर्शित कर रहा है। लेकिन इस व्यक्ति का भारतीय सेना में कोई रिकॉर्ड नहीं पाया गया है।

शिकायत मिलने पर नैनीताल के एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने जांच के निर्देश दिए। एसओजी प्रभारी मोहन सिंह सौन के नेतृत्व में जांच टीम ने संबंधित मोबाइल नंबर की लोकेशन के आधार पर तलाश की।

लोकेशन के आधार पर बिरला पेंट के गोदाम में रोहित सिंह मेहता नामक युवक के कार्यरत होने की जानकारी मिली। आरोपित युवक ने बताया कि उसने इंटरनेट एवं सोशल मीडिया से भारतीय सेना के अधिकारियों की वर्दी वाली फोटो प्राप्त कर आई वह गूगल जेमिनी की सहायता से फोटो तैयार कीं। साथ ही इंस्टाग्राम पर पर स्वयं को भारतीय सेना की पैरा स्पेशल फोर्स का मेजर प्रदर्शित करते हुए अपलोड किया था। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में रोहित सिंह मेहता (20) निवासी ग्राम कानीकोट, तहसील पाटी, जनपद चम्पावत, हाल निवासी गोरापड़ाव, हल्द्वानी ने बताया कि ऐसा करने का उद्देश्य सोशल मीडिया की फॉलोइंग बढ़ाना और युवतियों को प्रभावित करना था। एसओजी टीम ने युवक के मोबाइल फोन की जांच भी की।

भारतीय सेना के अधिकारी का प्रतिरूपण कर फर्जी पहचान प्रदर्शित करने एवं धोखाधड़ी किए जाने के संबंध में आरोपित युवक के खिलाफ हल्द्वानीकोतवाली में बीएनएस की धारा 168/318 (3)/ 319 (2) के अंतर्गत कार्यवाही की गई। साथ ही बीएएसएस की धारा 35 (3) के तहत भी कार्यवाही की जा रही है। पुलिस टीम में नैनीताल एसओजी प्रभारी मोहन सिंह सौन,हेड कांस्टेबल कुंदन कठैत एवं त्रिलोक सिंह,कांस्टेबल अशोक सिंह रावत एवं भूपेंद्र सिंह ज्येष्ठा शामिल रहे।

# रिशेश्वर मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में भक्तों की भारी भीड़





**लोहाघाट ।** प्रमुख आस्था के केंद्र रिश्वेश्वर महादेव मंदिर में 12 गांव व नगर के सहयोग से शिक्षाविद नाथूराम राय के नेतृत्व में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। बुधवार को भागवत कथा के पांचवें दिन व्यास आचार्य बृज राज पार्थ सारथी के द्वारा भागवत कथा सुनने आई महिलाओं व अन्य भक्तों को भगवान श्री कृष्ण व गोपियों के बीच होने वाली शरारतों के प्रसंग को बड़े ही सुंदर अंदाज में सुनाया गया जिसका भक्तों के द्वारा भरपूर आनंद लिया गया। भागवत कथा से महादेव का दरबार पूरी तरह भक्ति मय माहौल में डूबा हुआ। कथा सुनने बड़ी तादात में मातृशक्ति पहुंच रही है। 4 सितंबर को रात्रि जागरण तथा 5 सितंबर को विशाल भंडारे के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन किया जाएगा। इस दौरान पंडित प्रकाश चंद्र पुनेठा, मुख्य यजमान चंद्रशेखर बगौली, भैरव दत्त राय, पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल, एडवोकेट नवीन मुरारी, समाजसेवी गोविंद सिंह बोहरा, कैलाश चंद्र बगौली, गिरधर सिंह अधिकारी, रमेश बिष्ट, कैलाश सिंह मेहता, दीवान पुजारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# क्वारकोली पम्दा मोटर मार्ग को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति



## ग्रामीणों का 2027 में विधायक अधिकारी के हाथों को मजबूत करने का वादा

**बाराकोट ( चंपावत )।** राज्य योजना के अंतर्गत चंपावत के विधानसभा लोहाघाट में क्वारकोली पम्दा मोटर मार्ग के सुधारीकरण व डामरीकरण की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मिलने से ग्राम पंचायत पम्दा वासियों द्वारा मिष्ठान बाटकर विधायक खुशाल सिंह अधिकारी को धन्यवाद दिया है ।

चंपावत जिले के बाराकोट विकास खण्ड में पम्दा क्वारकोलीद् सड़क सुधारीकरण व डामरीकरण की मांग लंबे समय से ग्राम वासियों द्वारा उठाई गई थी, लेकिन कहीं से भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था। ग्राम वासियों के द्वारा उक्त मामला विधायक खुशाल सिंह अधिकारी के सामने रखा गया। ग्रामीणों की समस्या का संज्ञान लेते हुए लोहाघाट विधायक ने ग्राम पंचायत की समस्या को सरकार व सदन में जोर शोर उठाया था। जिसमें शासन ने तुरंत संज्ञान लेकर सड़क के सुधारीकरण व डामरीकरण के लिए 91 .73 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

चालू वित्तीय वर्ष 2026 /27 में धनराशि व्यय हेतु राज्यपाल की भी स्वीकृति मिल चुकी है जिसकी लंबाई 0.900 किलोमीटर है, इसके साथ विकासखंड बाराकोट के एस0 एच0 057 के 1 किलोमीटर से 4 किलोमीटर तक पक्की नाली निर्माण व पटरी में इंटरलॉकिंग द्वारा सुधारीकरण का भी कार्य इसी वित्तीय वर्ष में पूर्ण करने हेतु धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। उक्त निर्माण कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग के द्वारा किया जाएगा।

पम्दा से क्वारकोली सड़क सुधारीकरण व डामरीकरण होने से ग्राम वासियों ने विधायक अधिकारी का धन्यवाद देकर उनके हाथों को मजबूत बनाने का संकल्प लिया । जिसमें ग्राम प्रधान ललित प्रसाद, हेमा जोशी, ज्योति जोशी, दीपा जोशी, केशवी देवी, जानकी देवी, सुनीता जोशी, चंद्रशेखर जोशी, ललित मोहन जोशी, दीपक जोशी जगदीश जोशी मदन मोहन जोशी, धर्मानंद जोशी, प्रकाश जोशी ,किशोर जोशी, दिनेश जोशी, रमेश चंद्र जोशी, प्रेम बल्लभ जोशी, शीला जोशी, दीपा जोशी कलावती जोशी मनीषा जोशी, व समस्त ग्राम वासियों ने 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में विधायक अधिकारी के हाथों को मजबूत करने का आश्वासन दिया।

# बारिश से राईकोट महर में आवासीय भवन क्षतिग्रस्त, टला हादसा



## भारी बारिश की चेतावनी के चलते जिले के सभी स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र बंद

**लोहाघाट ।** क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश से अब नुकसान की खबरें सामने आने लगी है। तो वही लोहाघाट के राईकोट महर में बारिश से प्रमोद कुमार पुत्र बद्रीराम का आवासीय भवन क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि हादसे में कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआ है। ग्राम प्रधान राईकोट महर दीपक कुमार ने बताया क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश के कारण कल मंगलवार देर रात ग्रामीण प्रमोद कुमार के आवासीय भवन की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई है उन्होंने कहा घटना के समय परिवार भीतर सो रहा था। कहा अब परिवार के पास रहने की कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होंने बताया फिलहाल जान माल का नुकसान नहीं हुआ है। ग्राम प्रधान ने बताया घटना की सूचना प्रशासन को दी गई है। ग्राम प्रधान व पीड़ित परिवार ने प्रशासन से नुकसान का जायजा लेकर मुआवजा देने की मांग की है। **उधर** भारत मौसम विज्ञान विभाग, देहरादून द्वारा जारी की गई भारी बारिश की चेतावनी के चलते आज 02 सितम्बर को वर्तमान में हो रही वर्षा तथा नदी-नालों का जलस्तर बढ़ने की स्थिति को देखते हुए, जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मनीष कुमार के निर्देशों के अनुपालन में आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 के तहत छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के दृष्टिगत आज 02 सितम्बर बुधवार को जनपद चंपावत के समस्त शासकीय, परिषदीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों कक्षा 01 से 12 तक तथा समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों में एक दिवसीय अवकाश घोषित किया गया है।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर 02 सितम्बर 2026 को जनपद की कक्षा 01 से 12 तक संचालित सभी शैक्षणिक संस्थाएं एवं आंगनवाड़ी केंद्र पूरी तरह बंद रहेंगे। व्यापक छात्रहित को ध्यान में रखते हुए निर्देश दिए गए हैं कि इस दौरान शिक्षण कार्य अनिवार्य रूप से ऑनलाइन माध्यम से संचालित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षाधिकारी चंपावत एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी चंपावत को निर्देश जारी किए गए हैं कि वे समस्त शैक्षणिक संस्थाओं और आंगनवाड़ी केंद्रों में इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

# नादभेद गंधर्वालय संगीत अकादमी में मासिक बैठक का हुआ आयोजन



**पिथौरागढ़।** संगीत केवल कला नहीं, बल्कि संस्कार और व्यक्तित्व निर्माण की सतत यात्रा है। यह बताते हुए नादभेद गंधर्वालय संगीत अकादमी के निदेशक आचार्य रवि शास्त्री ने बताया कि नादभेद गंधर्वालय संगीत अकादमी की मासिक बैठक इसी सोच के साथ हर माह आयोजित की जाती है। इस बैठक का उद्देश्य विद्यार्थियों में संगीत के साथ-साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करना है। बैठक का उद्देश्य विद्यार्थियों में नियमित रियाज़ की आदत, गुरु-शिष्य परंपरा, मंचीय शिष्टाचार का अभ्यास, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता का विकास, अनुशासन, विनम्रता और समय की पाबंदी विकसित करना तथा मासिक प्रगति का मूल्यांकन करना था। इस दौरान गायन-वादन प्रस्तुतियाँ, स्वर-लय अभ्यास, सांगीतिक चर्चा, गुरुजनों द्वारा मार्गदर्शन और सामूहिक अभ्यास किया गया। इस तरह की गतिविधियों से बच्चों में मंच पर प्रस्तुति देने का आत्मविश्वास बढ़ता है, संगीत की गहरी समझ उत्पन्न होती है, व्यक्तित्व संतुलित होता है, टीम भावना का विकास होता है और संस्कृति से जुड़ाव उत्पन्न होता है। एक श्रेष्ठ कलाकार वही है जो कला के साथ संस्कार भी अपनाए।

## मुन्ना बैंड में एनएच बंद होने से 4 घंटे फंसे रहे सैकड़ों वाहन व यात्री

**पिथौरागढ़।** लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते टनकपुर पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग में पिथौरागढ़ जिले के घाट चौकी से आगे मुन्ना बैंड में मंगलवार दोपहर 12ः00 बजे के लगभग भारी मलवा आने से आल वेदर सड़क पूरी तरह बंद हो गई थी। सड़क बंद होने से घाट में पिथौरागढ़ व चंपावत जिले की ओर सैकड़ो वाहन व हजारों यात्री मूसलाधार बारिश में फंस गए। इस दौरान यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा ।फंसे हुए यात्रियों में छोटे-छोटे बच्चे, महिलाएं व बुजुर्ग भी शामिल रहे। तथा सेना की कानपाई भी फस गई। सूचना पर एनएच की मशीने सड़क खोलने के लिए मौके पर पहुंची मूसलाधार बारिश के बीच किसी तरह शाम 4ः00 बजे मुन्ना बैंड में सड़क को खोल दिया गया है। पिथौरागढ़ व चंपावत पुलिस के द्वारा फंसे हुए वाहनों को सुरक्षित तौर पर निकाला जा रहा है। इस दौरान फंसे हुए वाहनों की किलोमीटरो लंबी लाइन लग गई। सड़क खुलने के बाद यात्रियों व वाहन चालकों ने राहत की सांस ली। जानकारी के मुताबिक अभी भी मुन्ना बैंड के पास मलवा आने की पूरी संभावना बनी हुई है। इसके अलावा चंपावत जिले के घाट क्षेत्र में भी कई बार सड़क में मलवा आया जिसे मशीनों के द्वारा साफ कर दिया गया है। फिलहाल बारिश का दौर लगातार जारी है जिसे लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में है। पर ऑल वेदर सड़क आवाजाही के लिए खतरनाक बनी हुई है

## नेत्रदान से किसी के जीवन में लौट सकती है रोशनी




**चंपावत।** नेत्रदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नेत्रदान पखवाड़े के तहत जिला अस्पताल चम्पावत, उपजिला अस्पताल लोहाघाट तथा उपजिला अस्पताल टनकपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को नेत्रदान के महत्व, प्रक्रिया एवं इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश चौहान ने कहा कि नेत्रदान महादान है। मृत्यु के बाद किया गया नेत्रदान किसी दृष्टिबाधित व्यक्ति के जीवन में रोशनी लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि नेत्रदान को लेकर समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर कर अधिक से अधिक लोगों को इसके लिए प्रेरित किया जाना आवश्यक है।स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने लोगों को नेत्रदान की प्रक्रिया एवं इसके महत्व की जानकारी देते हुए समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की। बताया गया कि नेत्रदान पखवाड़े का उद्देश्य लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित करना तथा दृष्टिबाधित लोगों के जीवन में नई उम्मीद जगाना है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने नेत्रदान के महत्व को समझते हुए इसके प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## लोहाघाट में आपदा से बड़ा नुकसान 193 शिकायतें दर्ज



**लोहाघाट।** चंपावत जिले के लोहाघाट ब्लॉक में हो रही लगातार बारिश से काफी नुकसान पहुंचा है। अब जगह-जगह से नुकसान की सूचनाए सामने आ रही है। आज बुधवार सुबह तक आपदा से हुए नुकसान की 193 शिकायत है आपदा में दर्ज हो चुकी है। जिनमें पेयजल लाइने, क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवारे, पैदल मार्ग ,भवन आदि की शिकायत है। हालांकि लोहाघाट क्षेत्र में जान माल का नुकसान नहीं हुआ। बारिश का दौर लगातार जारी रहने से आपदा का खतरा बढ़ रहा है। जिलाधिकारी चंपावत मनीष कुमार के निर्देश पर प्रशासनिक मशीनरी को अलर्ट मोड पर रखा गया है। तथा सड़कों को खोलने के लिए जगह-जगह मशीनरी तैनात की गई है। जिलाधिकारी के द्वारा जनता से सुरक्षित स्थानों में रहने तथा यात्राओं से बचने की अपील की है ।जिलाधिकारी के द्वारा सड़के बंद होने पर संबंधित विभागों को तत्काल सड़क खोलने के निर्देश दिए गए हैं। बारिश से क्षेत्र की नदियां उफान पर है।

## सोर वैली पब्लिक स्कूल की हेमलता ने उत्तराखंड स्टेट जूनियर एथलेटिक्स मीट में जीता रजत पदक




**पिथौरागढ़।** सोर वैली पब्लिक स्कूल, पिथौरागढ़ की कक्षा 11वीं की प्रतिभावान छात्रा हेमलता तिवारी ने विद्यालय एवं जनपद का नाम रोशन करते हुए 26 वीं उत्तराखंड स्टेट जूनियर एथलेटिक्स मीट- 2026 में शानदार प्रदर्शन कर 600 मीटर अंडर-16 वर्ग में रजत पदक (सिल्वर मेडल) हासिल किया। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, देहरादून में आयोजित की गई। जिसमें उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिभावान युवा खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच हेमलता ने अपनी मेहनत, अनुशासन, लगन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया। हेमलता की इस उपलब्धि को और भी विशेष बनाते हुए उनका नोर्थ जोन एथलेटिक्स मीट के लिए चयन हुआ है। अब वह आगामी उत्तर क्षेत्रीय स्तर की प्रतियोगिता में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करने की दिशा में आगे बढ़ेंगी। विद्यालय प्रबंधन ने हेमलता की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता उसकी निरंतर मेहनत और समर्पण का परिणाम है। सोर वैली पब्लिक स्कूल परिवार ने हेमलता को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय परिवार ने कहा कि ऐसी उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों को भी खेल खेलने के लिए प्रेरित करती हैं और यह विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ- साथ खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के संकल्प को और मजबूत करती हैं।

# टनकपुर में एसटीएफ व टनकपुर पुलिस ने पकड़ी 25 लाख की एमडीएमए ड्रग्स

- उत्तराखण्ड की अब तक की सबसे बड़ी एमडीएमए बरामदगी
- अभियुक्तों के कब्जे से 244.06 ग्राम एमडीएमए बरामद, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 25 लाख



**टनकपुर ( चंपावत )।** मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड दीपम सेठ द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ के द्वारा राज्य को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स , एसटीएफ को नशे के कारोबार में संलिप्त अपराधियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने तथा राज्यभर में सतर्क निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में एसटीएफ की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स कुमाऊँ यूनिट द्वारा तकनीकी एवं मैनुअल इनपुट विकसित कर सटीक सूचना प्राप्त की गई। सूचना के आधार पर एसपी चंपावत रेखा यादव के निर्देश पर चंपावत जिले की कोतवाली टनकपुर पुलिस के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से कुल 244.06 ग्राम एमडीएमए ड्रग्स बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 25 लाख आंकी गई है। इसके अतिरिक्त अभियुक्तों के कब्जे से एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। एसटीएफ की एंटी नारकोटिक्स यूनिट द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों के फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंकेज की गहनता से जानकारी की जा रही है, ताकि मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके। गिरफ्तार नशा तस्कर इमरान, निवासी रुद्रपुर, आशीष, निवासी रुद्रपुर, ,अभिषेक, निवासी रुद्रपुर, सभी जनपद ऊधमसिंहनगर के रहने वाले हैं। नशा तस्करों से पुलिस ने 244.06 ग्राम एमडीएमए ड्रग्सव एक टीवीएस मोटरसाइकिल बरामद की है। एसटीएफ एंटी नारकोटिक्स टीम में निरीक्षक पावन स्वरूप, एसआई विपिन जोशी, विनोद जोशी,जगदीप नेगी, हेड कांस्टेबल किशोर कुमार, वीरेंद्र चौहानआरक्षी इसरार अहमद शामिल रहे। कोतवाली टनकपुर पुलिस टीम में निरीक्षक चेतन रावत, एस आई जितेंद्र बिष्ट, कमल कुमार शामिल रहे।

# भारी बारिश के बावजूद आशा कार्यकर्ताओं ने 2 घंटे किया कार्य बहिष्कार



**लोहाघाट।** प्रदेश की आशा कार्य कृतिया लंबे समय से सरकार से मानदेय व सरकारी कर्मचारी घोषित करने की मांग कर रही है पर सरकार के द्वारा अभी तक उनकी मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है। सरकार के रवैए से नाराज आशा कार्यकृतिया अब एक बार फिर से आंदोलन की राह में चल पड़ी हैं। चंपावत आशा कार्यकर्ती संगठन जिला अध्यक्ष सरस्वती पुनेठा के नेतृत्व में आज 1 सितंबर को भारी बारिश के बावजूद लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय में आशा कार्य कृतियों ने 2 घंटे का कार्य बहिष्कार किया तथा चिकित्सा अधीक्षक विराज राठी के माध्यम से मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।बताया आशा कार्यकृतिया लंबे समय से 26 हजार रूपए मासिक मानदेय व सरकारी कर्मचारी घोषित करने की मांग सरकार से कर रही है। कई बार आशाओं के द्वारा मांगों को लेकर आंदोलन भी किया जा चुका है पर सरकार के द्वारा उनकी कोई सुध नहीं ली गई है। संगठन जिला अध्यक्ष ने कहा अपनी मांगों को लेकर एक बार फिर चंपावत जिले की आशा कार्यकर्तियां एक सितंबर से सरकार को जगाने के लिए हर मंगलवार को 2 घंटे का कार्य बहिष्कार करेंगी तथा अक्टूबर से पूर्ण कार्य बहिष्कार किया जाएगा। उन्होंने कहा अगर सरकार आशाओं की मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं करती है तो आगे को आंदोलन को और भी ज्यादा बड़ा रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा आशा काफी विषम परिस्थितियों में अपना कार्य करती हैं पर उसके बावजूद सरकार के द्वारा उनकी कोई सुध नहीं ली जा रही है। जिलाध्यक्ष ने कहा पर्वतीय क्षेत्र में आशाओं को और भी अधिक कठिनाइयां झेलनी पड़ती हैं कहां असम की प्रमुख मांग मानदेय की है जिसे सरकार जल्द पूरा करें कहा अब आश्वासन नहीं चलेगा। उन्होंने जिले की सभी आशाओं से आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में आकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है। इस दौरान जिला अध्यक्ष सरस्वती पुनेठा,पदमा प्रथोली, आयशा बानो, चंपा राय, पार्वती देवी, रीता सिंह, हेमा तिवारी, रीना सिंह,कुसमा बोहरा,हेमा जोशी ,चंद्रकला पाटनी ,कौशल्या पांडे, नेहा धोनी, रेखा , पुष्पा देवी , हेमा गिरी आदि आशाएं मौजूद रही।

# नीम करोली बाबा पर आधारित फिल्म हनुमान अंश का - 10 लाख से 45 करोड़ तक का सफर

बाबा के आशीर्वाद से हिट हुई फिल्म, जानें कौन हैं असली हीरो। नीम करोली बाबा की कहानी पर बनी फिल्म ने रचा इतिहास। कैंची धाम वाले बाबा नीम करोली महाराज के जीवन पर आधारित फिल्म हनुमान अंश ने बॉक्स ऑफिस पर वो कर दिखाया जो बड़े-बड़े स्टार नहीं कर पाए। बिना किसी बड़े सितारे और बिना प्रमोशन के रिलीज हुई यह फिल्म अब 50 करोड़ क्लब की ओर बढ़ रही है। फिल्म किस पर आधारित है- यह फिल्म प्रसिद्ध संत श्री नीम करौली बाबा के जीवन और शिक्षाओं से इंस्पायर है। विशाल चतुर्वेदी द्वारा लिखित और निर्देशित, हनुमान अंश में बाबा के लक्ष्मण नारायण से पूजनीय संत नीम करोली बाबा बनने तक के आध्यात्मिक सफर को दिखाया गया है। ट्रेलर में भक्ति, निस्वार्थ सेवा, करुणा और मानवता के संदेश के साथ बाबा के जीवन की कई महत्वपूर्ण घटनाओं, विशेष रूप से चर्चित रेल घटना की झलक दिखाई गई है।



निर्देशक के अनुसार कहानी एक दुखी लड़के की है जो अपनी दिवंगत मां से मिलने के लिए भगवान की तलाश करता है और उसी तलाश में प्यार, भोजन और मौन आशीर्वाद से मानवता की सेवा करना सीखता है और हनुमान अंश, नीम करोली बाबा बन जाता है। मुख्य अभिनेता कौन है- फिल्म में नीम करोली बाबा का मुख्य किरदार अभिनेता शोभिनव सत्या ने निभाया है। उन्होंने लक्ष्मण दास का किरदार निभाया है, जो एक घुमक्कड़ थे और बाद में नीब करौरी बाबा के रूप में सबसे प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरुओं में से एक बने। सोशल मीडिया पर उनकी एक्टिंग की खूब तारीफ हो रही है। मुख्य कास्ट में उनके साथ है- विहान एस हेगड़े, चंदन आनंद, पूर्णिमा तिवारी, अनिल के रस्तोगी और गुलशन पांडे ,उदयसिंह राजपूत और मनीष चौधरी, कानपुर के उभरते कलाकार निखिल दुबे जो फिल्म में क्रांतिकारी सुधीर के किरदार में नजर आ रहे हैं। फिल्म को रागिनी एस, नम्रता जी सिंह, अनुप्रिया ए नागर और विशाल चतुर्वेदी ने स्वयंभू मीडिया नेटवर्क के तहत प्रोड्यूस किया है। रिलीज डेट और कमाई का पूरा अपडेट- फिल्म पहले 31 जुलाई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में इसे 7 अगस्त 2026 को रिलीज किया गया। बजट लगभग 2 करोड़ रुपये ओपनिंग- पहले दिन सिर्फ 10 लाख रुपये पहले 2 हफ्ते- मात्र 1.48 करोड़ रुपये ट्र टर्निंग पॉइंट- तीसरे हफ्ते से फिल्म ने रफ्तार पकड़ी। 22वें दिन (रक्षाबंधन) 6.50 करोड़ और 23वें दिन 9.25 करोड़ की रिकॉर्ड कमाई की। ट्र कुल कलेक्शन (25 दिन)- भारत में नेट कलेक्शन 45.28 करोड़ रुपये और ग्रॉस 53.43 करोड़ रुपये पार। फिल्म ने 819% से लेकर 1906% तक का प्रॉफिट कमा कर ब्लॉकबस्टर का टैग हासिल कर लिया है।

## 9.63 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार, तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सीज

**चम्पावत।** ड्रग्स फ्री उत्तराखण्ड के तहत चम्पावत पुलिस द्वारा नशे के अवैध कारोबार एवं तस्करो के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है।पुलिस अधीक्षक चम्पावत रेखा यादव द्वारा जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही किए जाने हेतु समस्त प्रभारी निरीक्षकों एवं थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है। पुलिस कप्तान के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी टनकपुर निहारिका सेमवाल के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली टनकपुर चेतन रावत के निर्देश में थाना टनकपुर पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।चेकिंग के दौरान मनिहारगोठ लोहे के पुल के पास पुलिस टीम ने एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में रोककर चेक किया। चेकिंग के दौरान गौरव कुमार उर्फ गुड्डू पुत्र राम सजीवन, निवासी वार्ड नंबर-3, टनकपुर, जनपद चम्पावत, उम्र 38 वर्ष के कब्जे से 9.63 ग्राम अवैध स्मैक/हेरोइन बरामद कर गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त द्वारा अवैध स्मैक का परिवहन करने में प्रयुक्त बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल संख्या K ®{ BQ 3042 को भी पुलिस द्वारा कब्जे में लिया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली टनकपुर में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त में पूर्व में भी मामले दर्ज हो चुके हैं। पुलिस टीम में उ0नि0 तेज कुमार, कोतवाली टनकपुर,हेड कांस्टेबल कमल कुमार, हेड कांस्टेबल प्रकाश सिंह शामिल रहे।

## स्पोर्ट्स स्टेडियम छमनिया के सिंथेटिक ट्रैक में जल भराव से खिलाड़ी परेशान

**लोहाघाट।** धामी सरकार के द्वारा लोहाघाट के छमनिया स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम



में क्षेत्र के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए लाखों रुपए की लागत से सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण कार्य करवाया गया था। पर अब बरसात में सिंथेटिक ट्रैक में सही से जल निकासी न होने के कारण सिंथेटिक ट्रैक में जगह-जगह जल भराव हो रहा है। जिस कारण महिला स्पोर्ट्स कॉलेज की बालिका खिलाड़ियों के साथ-साथ क्षेत्रीय युवाओं को भी खेल के अभ्यास के दौरान कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण दाई संस्था के द्वारा ट्रैक की सही लेवलिंग व उचित जल निकासी न करने के कारण यह समस्या उत्पन्न हो रही है । मैदान में जगह-जगह जल भराव होने के कारण जहां खिलाड़ियों को अभ्यास में दिक्कतें हो रही हैं तो वही सिंथेटिक ट्रैक के खराब होने का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है सरकार ने लाखों रुपए की लागत से क्षेत्र के युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण कार्य कराया था। पर निर्माण दाई संस्था के द्वारा सही से लेबलिंग व जल निकासी का कार्य न करने के चलते सरकार की बेहतर खेल मैदान की योजना पर पलीता लगाने का कार्य किया गया है। जिसका खामियाजा स्थानीय खिलाड़ियों को भुगतना पड़ रहा है। मालूम हो पूर्व में भी सिंथेटिक निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर उंगलियां उठ चुकी हैं। जिसमें हुई जांच में तकनीकी खामियां पाई गई थी। पर उसके बावजूद भी कोई संज्ञान नहीं लिया गया।

## लोहाघाट जिला चिकित्सालय में मरीजों की भारी भीड़ ओपीडी 700 पार

**लोहाघाट ।** उप जिला चिकित्सालय में वर्तमान में मरीजों की भारी भीड़ लग रही है। दूर-दूर क्षेत्र से बीमार अपना उपचार करने के लिए उप जिला चिकित्सालय लोहाघाट पहुंच रहे हैं। जहां चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विराज राठी के दिशा निर्देश पर विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा बीमारो का बेहतर उपचार किया जा रहा है। पर जगह की कमी के चलते जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तो वही सोमवार को ओपीडी का आंकड़ा 700 पार हो गया। लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विराज राठी ने बताया आज सोमवार को अस्पताल मे 700 से अधिक मरीजों की ओपीडी की गई। जिनमें वायरल फीवर, दमा, हड्डी रोग व गायनी के पेशेंट काफी अधिक थे। जिनका विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा उपचार किया गया। उन्होंने बताया स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मोनिका गिरी के दिशा निर्देश पर एक हफ्ते के भीतर जहां 10 प्रसव कराए गए हैं तथा कई महिलाओं का उनके द्वारा उपचार किया गया है।

## चम्पावत नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में स्थापित होगा वायरलेस नेटवर्क

**चंपावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के अनुरूप जनपद चम्पावत के दूरस्थ एवं नेटवर्क विहीन क्षेत्रों को आधुनिक संचार सुविधा से जोड़ने के लिए 4.97 करोड़ रूपये की वायरलेस नेटवर्क परियोजना का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। परियोजना का उद्देश्य आपदा के दौरान सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान, प्रभावी मॉनिटरिंग तथा राहत एवं बचाव कार्यों में बेहतर समन्वय सुनिश्चित करना है।परियोजना के अंतर्गत मंच, बुड़म, ककनई एवं डांडा गांव सहित प्रमुख नेटवर्क विहीन क्षेत्रों को टनकपुर से पॉइंट टू पॉइंट वायरलेस कनेक्टिविटी के माध्यम से जोड़ा जाएगा। प्रथम चरण में इन क्षेत्रों के विद्यालयों, चिकित्सालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, ग्राम पंचायतों, सीएचसी, पुलिस एवं पटवारी चौकियों को नेटवर्क से जोड़ा जाना प्रस्तावित है। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि परियोजना की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है तथा इसे यथासंभव सितम्बर माह में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में विश्वसनीय संचार सुविधा उपलब्ध होने से आपदा की स्थिति में प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य एवं अन्य संबंधित विभागों के बीच त्वरित समन्वय स्थापित होगा और रिस्पांस टाइम बेहतर होगा।

**सम्पादकः लक्ष्मण सिंह बिष्ट**

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी **लक्ष्मण सिंह बिष्ट** द्वारा (मोती सिंह) भीड़ापानी ओखलकांडा प्रिंटिंग प्रेस भोलानाथ गार्डन हल्द्वानी से मुद्रित तथा मीना बाजार आदर्श कालोनी लोहाघाट, चम्पावत, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। मो. 8273030231

E-mail. laxmanbisht909@gmail.com